सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 15.2°

# ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 99 गुरुग्राम (हरियाणा), बुधवार 11 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

# राज्य स्तरीय कपालमोचन मेले को दिया जाए भव्य एवं दिव्य स्वरूप, श्रद्धालुओं की सुविधाओं में न रहे कोई कमी: मुख्यमंत्री

## यमुनानगर के बिलासपुर में 20 से 24 नवंबर तक आयोजित होगा पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कपालमोचन मेला

**ओपन सर्च/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुनानगर जिले के बिलासपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कपालमोचन मेले को भव्य, दिव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाए। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला प्रदेश की समृद्ध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इसकी गरिमा और ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को राज्य स्तरीय कपालमोचन मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में लगभग 122 एकड़ क्षेत्र में 20 से 24 नवम्बर तक आयोजित होने वाले इस पांच दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।



बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल यादव, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री बी.बी. भारती, सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया, यमुनानगर की उपायुक्त श्रीमती प्रीति, विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री विवेक कालिया तथा यमुनानगर के अतिरिक्त उपायुक्त श्री नवीन आहूजा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेले में दिखेगी सिख गुरुओं की गौरवशाली विरासत, जनकल्याणकारी योजनाओं की भी मिलेगी जानकारी:**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कपालमोचन मेले में एक भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाए, जिसमें सिखों के सभी दस गुरुओं के गौरवशाली इतिहास, उनके जीवन दर्शन, शिक्षाओं और समाज के प्रति योगदान को सचित्र रूप में प्रदर्शित किया जाए। इसके साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की स्मृति में अम्बाला में निर्मित शहीदी स्मारक की ऐतिहासिक महत्ता को भी प्रमुखता से दर्शाया जाए, ताकि श्रद्धालु देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष से परिचित हो सकें। इसके अतिरिक्त एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लघु फिल्मों का प्रदर्शन कर प्रदेश की विकास यात्रा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के विशिष्ट अतिथि भी इस प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। उन्होंने बताया कि संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत 24 नवम्बर को सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी की राज्य स्तरीय जयंती भी बिलासपुर में मनाई जाएगी।

**कपालमोचन मेले का विशेष धार्मिक एवं पौराणिक महत्व, कई राज्यों से पहुंचते हैं लाखों श्रद्धालु:**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा और श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाला ऐतिहासिक कपालमोचन मेला श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण केन्द्र है। इस मेले में हर वर्ष हरियाणा के अलावा पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।उन्होंने कहा कि कपालमोचन तीर्थ का विशेष पौराणिक महत्व है। यहां स्थित श्री कपालमोचन, श्री ऋणमोचन और श्री सूरजकुंड सरोवर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था के केन्द्र हैं। श्रद्धालु इन पवित्र सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सरोवरों की आवश्यक मरम्मत एवं साफ-सफाई करवाई जाए तथा स्नान के लिए स्वच्छ जल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**मेले की ओर जाने वाली सड़कों की हो मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी:**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले की ओर जाने वाली सभी सड़कों की आवश्यक मरम्मत समय रहते पूरी करवाई जाए। सभी प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी बेहतर आवागमन एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मेला परिसर के प्रत्येक सेक्टर में वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था हो तथा यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक संग्रहालय के रखरखाव एवं आवश्यक मरम्मत के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और मेले से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था को समय रहते अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कपालमोचन मेले की ऐतिहासिक गरिमा, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए, ताकि देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालु सुखद अनुभव लेकर लौटें।

### गुरु नानक देव जी के जीवन पर आधारित ड्रोन शो और लाइट एंड साउंड शो होंगे विशेष आकर्षण

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को एक यादगार आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। इस अवसर पर श्री गुरु नानक देव जी के जीवन, शिक्षाओं और मानवता के प्रति उनके संदेश पर आधारित भव्य ड्रोन शो तथा लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मेले के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर आकर्षक एवं भव्य तोरणद्वार बनाए जाएं। इन स्वागत द्वारों का नामकरण श्री गुरु नानक देव जी, बाबा बंदा सिंह बहादुर सहित अन्य महान संतों एवं महापुरुषों के नाम पर किया जाए। स्वागत द्वारों और मेला परिसर में गुरबाणी के पवित्र स्वर गूंजते रहें, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण की अनुभूति हो।

# गुरुग्राम के शीतला माता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयुष्मान लाभार्थियों और कम आय वाले परिवारों को मिलेगी उपचार में सब्सिडी, किफायती दरों पर होगा इलाज

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज एवं टीचिंग अस्पताल के संचालन और रखरखाव को लेकर हुई बैठक

**ओपन सर्च/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के लिए सुलभ और किफायती बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम के सेक्टर-102 स्थित श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज एवं 883 बेड के टीचिंग अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों तथा पांच लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के पात्र मरीजों के लिए उपचार संबंधी विशेष प्रावधान किए गए हैं। इन प्रावधानों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को उपचार में सब्सिडी का लाभ मिलेगा और वे किफायती दरों पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में मेडिकल कॉलेज एवं टीचिंग अस्पताल के संचालन और रखरखाव (Operation and Maintenance) से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राव नरबीर सिंह तथा सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।



बैठक में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों तथा पांच लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के पात्र मरीजों के लिए उपचार में सब्सिडी और अस्पताल में विशेष सुविधाओं से संबंधित प्रावधानों पर निर्देश भी दिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर इलाज का आर्थिक बोझ कम हो और उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकें।मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में अमृत फार्मेसी खोलने के निर्देश भी दिए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपचार के साथ-साथ मरीजों को दवाइयों की उपलब्धता भी सहज और किफायती होनी चाहिए।

बैठक में मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों के दाखिले के लिए सीटों और फीस से संबंधित प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सीटों तथा फीस संरचना को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, नगर एवं ग्राम आयोजना तथा शहरी संपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग अग्रवाल, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री सी.जी.रजिनिकांतन , गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री पी.सी. मीणा तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक श्री यश गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को मिली नई पहचान और नई दिशा : गौरव गौतम

## श्रीलंका की अंडर-14 टीम और स्थानीय खिलाड़ियों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

**ओपन सर्च/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल एवं युवा अधिकारिता राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने पलवल स्थित लक्ष्मण महलावत क्रिकेट अकादमी में मंगलवार को श्रीलंका की अंडर-14 क्रिकेट टीम और सरस्वती क्रिकेट एकेडमी की अंडर-14 क्रिकेट टीम के बीच क्रिकेट मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। श्री गौरव गौतम ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, आपसी भाईचारे और अंतरराष्ट्रीय सद्भाव को भी बढ़ावा देते हैं। श्रीलंका और भारत के युवा खिलाड़ियों के बीच आयोजित यह मैत्री मुकाबला दोनों देशों के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और उनसे सीखने का अवसर मिलता है। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को नई पहचान और नई दिशा मिली है।



**प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप युवाओं को खेलों से जोड़ने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा खेलों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।**

**प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनवा रहे प्रतिभा का लोहा - खेल राज्य मंत्री**

खेल राज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और आधुनिक खेल सुविधाओं के चलते प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। हरियाणा की खेल नीति की प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है जहां के खिलाड़ी देश-दुनिया में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। पूरी दुनिया में लोग हरियाणा को खेल के नाम से जानते हैं और खेल को हरियाणा के नाम से जानते हैं। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मिशन ओलंपिक 2036 के तहत युवाओं को ओलंपिक की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उचित प्रशिक्षण, संसाधन और बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना है, ताकि हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक 2036 सहित अन्य विष्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया।

# अरुण कुमार गुप्ता ने एचईआरसी के अध्यक्ष पद की शपथ ली

**ओपन सर्च/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री अरुण कुमार गुप्ता ने आज हरियाणा निवास में आयोजित समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने उन्हें अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने आयोग के अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री अरुण कुमार गुप्ता 1992 बैच के हरियाणा कैडर के आईएएस रहे हैं जो बीते माह ही सेवानिवृत्त हुए हैं। वे हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव व वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें एचईआरसी के सचिव तथा ऊर्जा निगमों के एमडी के रूप में सेवाएं देने के चलते ऊर्जा विभाग की कार्यप्रणाली का व्यापक अनुभव है। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग प्रदेश के विद्युत क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बना सकते थे जबकि वह प्रधानमंत्री बनने के लिए तत्पर थी : अनिल विज

## सोनिया गांधी के बयान पर भड़के अनिल विज, कहा— 'इटली के संविधान में विदेशी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते'

**ओपन सर्च/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर प्रहार करते हुए कहा कि 'सोनिया गांधी बिल्कुल गलत कह रही है क्योंकि हम अपने देश में दूसरे देश के नागरिकों को वही अधिकार देते हैं जो हमारे नागरिकों को उनके देश में अधिकार दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इटली में उनके संविधान के सेक्शन 84 के तहत कोई भी गैर प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नहीं बन सकता है। इसी प्रकार, हम भी सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बना सकते थे जबकि वह प्रधानमंत्री बनने के लिए तत्पर थी और इस कारण से उनको नहीं बनाया गया। श्री विज आज यहां चंडीगढ़ में सोनिया गांधी द्वारा लिखी गई किताब में कि उन्होंने




प्रधानमंत्री पद का त्याग किया है, के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब मीडिया कर्मियों को दे रहे थे। वर्ष 1984 में दंगों को लेकर सोनिया गांधी द्वारा किये हुए दुख के पूछे गए सवाल पर श्री विज ने कहा कि "यह ठीक है कि उन्होंने दुख जाहिर किया, लेकिन उनके पति श्री राजीव गांधी ने कहा था कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है, तब उन्होंने अपने पति को क्यों नहीं समझाया और क्यों इतना कत्लेआम हुआ और अभी तक लोग उन जख्मों को लेकर घूम रहे हैं"। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा दीपावली और प्रदूषण को लेकर की गई मानवजनित रोग टिप्पणी के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री विज ने कहा कि यह हमारी परंपराएं हैं जबकि एक नैरेटिव सेट किया जा रहा है कि जो हिंदुस्तान जैसे महान देश की परंपराएं हैं, उन पर समय-समय पर कुछ लोग योजनाबद् तरीके से प्रहार करते रहते हैं ताकि इसको कमजोर किया जा सके। लेकिन यह हिंदुस्तान देश है कि ---कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, यूं तो रहा है दुश्मन दौर-ए-जहाँ हमारा।

# सफेद झींगा पालकों को 60 फीसद की भारी सब्सिडी मिलेगी

**ओपन सर्च/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में मत्स्य पालन और झींगा पालन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में बढ़ोतरी के उद्देश्य से एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण तथा मत्स्य पालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि झींगा पालकों की उत्पादन लागत को कम करने और उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए सोलर सिस्टम पर मिलने वाली सब्सिडी की सीमा में व्यापक बढ़ोतरी की गई है। झींगा पालन के दौरान बिजली और जनरेटर पर होने वाले भारी खर्च को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने सोलर सिस्टम सब्सिडी की सीमा को पहले के 10 किलोवाट से बढ़ाकर अब 30 किलोवाट तक कर दिया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य की योजना "गहन मत्स्य विकास कार्यक्रम" के तहत सफेद

- **झींगा का पालन किसानों की किस्मत बदलने वाला हो रहा है साबित**

झींगा पालन के लिए 50,000 रुपये प्रति किलोवाट अथवा 30 किलोवाट के लिए 15,00,000 रुपये की कुल परियोजना लागत निर्धारित की गई है, जिस पर मत्स्य पालकों को 60 प्रतिशत की भारी सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस पहल से झींगा पालकों का मासिक बिजली बिल काफी हद तक घट जाएगा, जिससे उनकी उत्पादन लागत कम होगी और शुद्ध मुनाफ़ा सीधे तौर पर बढ़ सकेगा। श्री राणा ने बताया कि इसके साथ ही राज्य में आधुनिक तकनीकों से मछली और झींगा पालन को प्रोत्साहन देने के लिए विश्वस्तरीय अवसंरचना का विकास किया जा रहा है, जिसके तहत सिरसा और भिवानी जिलों में एक-एक एकीकृत एक्वा पार्क (उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित किया जा रहा है। भिवानी में स्थापित हो रहे उत्कृष्टता केंद्र का सिविल निर्माण कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और इसके जून 2028 तक पूरी तरह तैयार होने की संभावना है।

वहीं दूसरी ओर, सिरसा जिले के गांव पोहरका में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" के अंतर्गत एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित करने की प्रक्रिया भी आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी गई है। इन एक्वा पार्कों के माध्यम से स्थानीय किसानों और मत्स्य पालकों को आधुनिक झींगा और मछली पालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण, उन्नत किस्म के बीज तथा वैज्ञानिक मार्गदर्शन एक ही छत के नीचे आसानी से मिल सकेगा। मत्स्य पालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार मत्स्य पालकों और किसानों के व्यापक हित में लगातार ठोस कदम उठा रही है।

# बाल विवाह मुक्त भारत" अभियान के तहत चलाया जा रहा है 100 दिवसीय जागरूकता अभियान

**ओपन सर्च/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 27 नवंबर, 2024 को 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य सरकार के सभी विभागों और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए बाल विवाह की रोकथाम करना है। 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के माध्यम से बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने, बाल विवाह से संबंधित मामलों की सूचना देने तथा सभी स्तरों पर समन्वित कार्रवाई को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 27 नवंबर को बाल, प्रारंभिक एवं जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में नामित किया गया है। भारत के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है,

- **बाल विवाह की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1098 या नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें**

क्योंकि इसी दिन वर्ष 2024 में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत भी की गई थी। इस दिवस के प्रति जागरूकता और अभियान की गति को निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता मॉड्यूल को 21 अक्तूबर से 21 दिसंबर, 2026 तक पुन: संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ऐसे में इस दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने, सतर्कता बरतने तथा आवश्यक निवारक कदम उठाने की जरूरत है।

# गुरुग्राम में पॉल्यूशन गंभीर स्थिति में, जिला में सबसे प्रदूषित पंचगांव में पीएम 2.5 का स्तर 377 दर्ज

## पीएम 2.5 का स्तर गुरुग्राम में 323 व मानेसर में 283 रहा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में दिवाली के दो दिन बाद भी आतिशबाजी नहीं थम रही है। वहीं सड़कों से उड़ने वाली धूल भी पॉल्यूशन का कारण बन रही हैं। जिला का पंचगांव मानेसर का एरिया सबसे प्रदूषित रहा, जहां पीएम 2.5 का स्तर मंगलवार को 377 रहा। जबकि गुरुग्राम में एक्यूआई 338 दर्ज किया गया। जिला प्रशासन की ओर से आतिशबाजी के लिए बेशक रात 8 से 10 बजे तक समय तय किया गया था, लेकिन दिवाली के तीसरे दिन भी आतिशबाजी होती रही। हालांकि नगर निगम ने शहर में बढ़ते प्रदूषण और गंदगी पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम ने उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती है। गत 24 अक्टूबर से 10 नवंबर 2026 तक महज 17 दिनों में निगम की टीमों ने विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर 634 चालान काटे और कुल 45 लाख 82 हजार 300 रुपए का जुर्माना लगाया।



**पंचगांव के आसपास फ्लाईओवर निर्माण व सड़कों की बदहाल स्थिति पॉल्यूशन का मुख्य कारण:** वहीं गुरुग्राम में पंचगांव एरिया में पॉल्यूशन की सबसे बड़ी वजह सड़कों की बदहाल स्थिति व फ्लाईओवर निर्माण कार्य हैं। पथरेड़ी रोड पर जहां जगह-जगह मिट्टी उड़ती देखी जा सकती है। वहीं एनएच-48 पर सिधरावली से बिलासपुर के बीच फ्लाईओवर निर्माण के कारण लगातार धूल उड़ती रहती है। इस ओर एनएचएआई के अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे वाहन चालकों के अलावा वहां रहने वाले लोगों को पॉल्यूशन की गंभीर स्थिति से जूझना पड़ रहा है।

**प्रतिबंधित पॉलिथीन के इस्तेमाल पर 177 चालान किए**

निगम के अनुसार, प्रतिबंधित पॉलिथीन के इस्तेमाल पर सबसे अधिक 177 चालान किए गए। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने के 88, डस्ट मिटिगेशन नियमों के उल्लंघन के 85 और कूड़ेदान नहीं रखने पर 80 चालान काटे गए। खुले में कचरा जलाने और पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ 54-54 चालान किए गए। इसके अलावा निर्माण एवं तोड़फोड़ के मलबे के नियमों के उल्लंघन पर 22 और निर्माण कार्य बंद करने के आदेशों की अवहेलना पर 11 चालान जारी किए गए। बिना ढके निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों, अवैध कचरा डालने और अन्य स्वच्छता संबंधी उल्लंघनों पर भी कार्रवाई की गई।

**सड़कों से धूल हटाने के लिए विशेष अभियान**

नगर निगम ने सडक़ों को धूल मुक्त बनाने के लिए रोड स्वीपिंग, पानी का छिडक़ाव और सडक़ किनारों पर जमा मिट्टी हटाने का अभियान चलाया है। इसके साथ ही धूल नियंत्रण के लिए एंटी-स्मॉग गन भी तैनात की गई हैं। धूल नियंत्रण अभियान की जमीनी हकीकत जांचने के लिए अतिरिक्त आयुक्त अंकिता चौधरी ने जोन-3 में डस्ट एक्शन प्लान के तहत चिन्हित सडक़ों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सफाई और धूल नियंत्रण के उपायों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को अभियान प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।

# प्यूरिना इंडिया ने किया 'प्यूरिना केयर्स' का आयोजन, सामुदायिक सेवा के लिए एक साथ आए लोग और पालतू जानवर

## गुरुग्राम स्थित फ्रेंडिकोज़ में नेस्ले इंडिया के 30 से अधिक कर्मचारियों ने की स्वयंसेवा, मनाया इंसानों और पालतू जानवरों के बीच के रिश्ते का उत्सव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



**गुरुग्राम।** इस विश्वास को और मज़बूत करते हुए कि पालतू जानवरों के साथ जीवन बेहतर होता है, प्यूरिना इंडिया ने 5 नवंबर 2026 को अपने वार्षिक ग्लोबल डे ऑफ़ सर्विस 'प्यूरिना केयर्स' के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। इस पहल के तहत कर्मचारी एक साथ आए और बचाए गए जानवरों तथा गैर-लाभकारी संगठनों के साथ सार्थक जुड़ाव के ज़रिए समाज को कुछ लौटाया।इस वर्ष की पहल के अंतर्गत नेस्ले इंडिया के 30 से अधिक स्वयंसेवकों ने पशु कल्याण संगठन फ्रेंडिकोज़ में पूरा दिन बिताया। गतिविधियों में बिल्लियों और कुत्तों के साथ समय बिताना, घोड़ों की ग्रूमिंग करना, पेंटिंग करना, तथा बकरियों, घोड़ों और गायों को ट्रीट खिलाना शामिल था। पिछले वर्ष हुए पहले संस्करण की तुलना में भागीदारी लगभग दोगुनी हो गई है, जो इस पहल के प्रति कर्मचारियों के बढ़ते उत्साह को दर्शाती है।

'प्यूरिना केयर्स' इस विश्वास पर आधारित है कि इंसानों और पालतू जानवरों का रिश्ता जीवन को समृद्ध कर सकता है, सहानुभूति की भावना जगा सकता है और समग्र कल्याण में योगदान दे सकता है। ऐसी पहलों के माध्यम से प्यूरिना का उद्देश्य कर्मचारियों को अपनी रोज़मर्रा की भूमिकाओं से आगे बढ़ने, अपने समुदायों से जुड़ने और पशुओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना है। नेस्ले प्यूरिना पेटकेयर इंडिया की प्रमुख पल्लवी आनंद ने कहा",प्यूरिना में हमारा मानना है कि पालतू जानवर हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं और दुनिया को थोड़ा और बेहतर। जानवरों के साथ हमारा रिश्ता सिर्फ़ साथ निभाने तक सीमित नहीं है। 'प्यूरिना केयर्स' के ज़रिए हम इसी विश्वास को साकार कर रहे हैं, और अपने कर्मचारियों को सार्थक बदलाव लाने का अवसर दे रहे हैं। इस वर्ष भागीदारी में बढ़ोतरी देखकर बहुत उत्साह मिलता है, और हमें आशा है कि यह पहल और अधिक लोगों को जानवरों तथा अपने आसपास के समुदायों के लिए कुछ करने की खुशी का अनुभव करने के लिए प्रेरित करेगी।"'प्यूरिना केयर्स' के ज़रिए प्यूरिना समाज में पालतू जानवरों की सकारात्मक भूमिका को निरंतर बढ़ावा दे रही है, साथ ही सामूहिक प्रयास और सामुदायिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित कर रही है। यह पहल एक ऐसी दुनिया बनाने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहाँ पालतू जानवर और इंसान साथ मिलकर फल-फूल सकें।

## तेज रफ्तार वाहन ने पैदल जा रहे मजदूर को कुचला, मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

**गुरुग्राम।** मानेसर के पचगांव में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे एक मजदूर की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, उत्तर प्रदेश के झांसी निवासी सोवरन अपनी पत्नी के साथ यहां नाहरपुर में किराये पर रहता था। उसने करीब 15-20 दिन पहले पत्नी को गांव भेज दिया था और कमरा खाली कर चुका था। इसके बाद वह पचगांव स्थित पावरग्रिड में मजदूरी कर रहा था। बीती रात को पावरग्रिड के पास तेज रफ्तार वाहन ने सोवरन को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, एएसआई प्रवीन कुमार ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर मानेसर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान करने के लिए जांच कर रही है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी गंभीर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार युवक की पत्नी घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। राजेंद्र पार्क थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्यारेलाल ने बताया कि उनका बेटा अंकित एक मॉल में मोबाइल की दुकान पर नौकरी करता था। वह बीती 8 नवंबर को अपनी पत्नी कनिका के साथ बाइक पर निजी काम से जा रहा था। द्वारका एक्सप्रेसवे पर पारस ड्यू सोसाइटी के नजदीक एक अज्ञात वाहन चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में अंकित के सिर में गंभीर चोटें आई। अंकित व उसकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल कनिका की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चालकों को किया जागरुक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

**गुरुग्राम।** सडक़ हादसों पर अंकुश लगाने और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुग्राम यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। सुरक्षा रथ के माध्यम से अंजुमन मस्जिद चौक, घाटा पावर हाउस और बादशाहपुर बस स्टैंड पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान करीब 100 वाहन चालकों और नागरिकों को सडक़ सुरक्षा के नियमों की जानकारी देकर जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को रॉन्ग साइड ड्राइविंग, निर्धारित लेन का पालन नहीं करने और अनधिकृत स्थानों पर वाहन खड़े करने से होने वाले हादसों और जाम के प्रति आगाह किया गया। वहीं यातायात पुलिस ने ऑटो, टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों को विशेष रूप से जागरूक किया। उन्हें हाईवे पर सर्विस लेन का इस्तेमाल करने, अन्य सडक़ों पर बाईं लेन में वाहन चलाने और सडक़ पर अनावश्यक रूप से वाहन नहीं रोकने की हिदायत दी गई। साथ ही निर्धारित स्थानों पर ही सवारियों को बैठाने और उतारने के लिए प्रेरित किया गया। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की कि गलत दिशा में वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें। सडक़ पर अपनी सुरक्षा के साथ दूसरों की जान की जिम्मेदारी भी समझें।

## अदालत में पेशी के दौरान फरार आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

**गुरुग्राम।** अदालत की पेशी से लगातार गैरहाजिर रहने वाले एक बेल जम्पर को सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रोहतक जिले के गांव गुढ़ाण निवासी मंजीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-9ः में वर्ष 2019 में आईपीसी की धारा 279, 337 और 427 के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले में अदालत ने उसे जमानत पर रिहा करते हुए अगली पेशी पर उपस्थित होने के आदेश दिए थे, लेकिन आरोपी निर्धारित तारीख पर अदालत में पेश नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर उसे बेल जम्परघोषित कर दिया गया था। जिसे सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को राजीव चौक के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे अदालत में पेश किया गया।

# ट्रैफिक पुलिस की अवैध वसूली पर पुलिस कमिश्नर सख्त, 60 दिन में होंगे पुलिसकर्मियों के तबादले

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



- होमगार्ड द्वारा कार चालक से दिवाली गिफ्ट मांगने के वीडियो सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर हुए सख्त, जेडओ व टीआई की भी तय होगी जवाबदेही

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और होमगार्ड द्वारा अवैध वसूली की शिकायतों पर पुलिस कमिश्नर शिबास कबिराज ने कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार, लापरवाही और अनुचित व्यवहार पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू करते हुए कई सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान किसी पुलिसकर्मी, होमगार्ड या एसपीओ की अवैध गतिविधि सामने आने पर संबंधित जोनल ऑफिसर (जेडओ) और ट्रैफिक इंस्पेक्टर (टीआई) की भी जवाबदेही तय होगी। पुलिस कमिश्नर ने यह कदम सोशल मीडिया पर होमगार्ड द्वारा उपहार के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद उठाया है। मामले में आरोपी होमगार्ड को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**बॉडी वार्न कैमरे के बिना नहीं रुकवा सकेंगे वाहन**

पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई बॉडी वार्न कैमरे की निगरानी में ही की जाए। बिना बॉडी वार्न कैमरे के वाहन रुकवाने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इससे पुलिसकर्मियों और वाहन चालकों के बीच होने वाली कार्रवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

**60 दिन में होगा कंप्यूटरीकृत तबादला:**ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती में अनियमितताओं की आशंका कम करने के लिए प्रत्येक 60 दिन बाद स्वचालित कंप्यूटरीकृत प्रणाली से रैंडम तबादले किए जाएंगे। वहीं, पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात एसीपी स्तर के अधिकारी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पुलिसकर्मियों की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। फुटेज का नियमित विश्लेषण कर संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**जेडओ और टीआई की भी होगी जिम्मेदारी:** पुलिस कमिश्नर ने सभी डीसीपी और एसीपी को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश देने को कहा है। भविष्य में अवैध वसूली या भ्रष्टाचार की घटना सामने आने पर संबंधित कर्मचारी के साथ जेडओ और टीआई की जिम्मेदारी भी निर्धारित की जाएगी। गुरुग्राम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वर्दी की आड़ में अवैध वसूली, भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई पुलिसकर्मी या कर्मचारी अवैध मांग करता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। शिकायत मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रोफेसर कविता दुल ने संभाला सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज के निदेशक का पदभार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

**गुरुग्राम।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के विधि संकाय की प्रो. कविता दुल ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (एमडीयू-सीपीएएस), सेक्टर-40, गुरुग्राम के निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर केंद्र के प्रबंधन विभाग के समन्वयक प्रो. विजय राठी, विधि विभाग के समन्वयक प्रो. अनुपम कुलरवाल सहित सभी शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर एमडीयू शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विकास सिवाच, प्रो. नीलम कादयान, प्रो. प्रतिमा रंगा, प्रो. सोनू देहमीवाल, डॉ. अंजू हुड्डा, डॉ. रेखा, डॉ. परविंदर, डॉ. अश्वनी एवं डॉ. योगेंद्र सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। विधि संकाय, रोहतक के शोधार्थियों ने भी प्रोफेसर दुल को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उनके पति सुरेंद्र दुल परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रो. कविता दुल ने कहा कि एमडीयू-सीपीएएस का सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और सकारात्मक अकादमिक वातावरण का निर्माण उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी। उनका प्रयास रहेगा कि केंद्र के सभी विभाग आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करें और शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शोध, नवाचार, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं व्यक्तित्व विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है।

# हाईवे पर ट्रकों की मनमानी पर ट्रैफिक पुलिस सख्त, लेन बदलने और अवैध पार्किंग पर दी चेतावनी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे पर सडक़ हादसों को रोकने तथा यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए गुरुग्राम यातायात पुलिस ने ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों और चालकों के साथ बैठक की। 10 नवंबर को ट्रैफिक इंस्पेक्टर करण सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारी वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग, सुरक्षित पार्किंग और सडक़ सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि ट्रक चालक निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं। बार-बार लेन बदलने, गलत लेन में चलने और लापरवाही से ओवरटेक करने से बचें। हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर अवैध पार्किंग नहीं करने की भी हिदायत दी गई। वाहन खराब होने पर उसे सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेत लगाने के निर्देश दिए गए।

**कोहरे से पहले ट्रकों पर रिफ्लेक्टर और फॉग लाइट लगाने के निर्देश:**आगामी कोहरे के मौसम को देखते हुए पुलिस ने सभी ट्रकों के पीछे और साइड में रिफ्लेक्टिव टेप, रिफ्लेक्टर और फॉग लाइट लगाने पर जोर दिया। इसके अलावा ओवरस्पीडिंग, नशे में ड्राइविंग और ओवरलोडिंग से बचने की हिदायत दी गई। चालकों को वाहन के कागजात, लाइसेंस और परमिट साथ रखने तथा ब्रेक, टायर और लाइट की नियमित जांच कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों ने यातायात नियमों का पालन करने और सभी चालकों को जागरूक करने का आश्वासन दिया। यातायात पुलिस ने आमजन और वाहन चालकों से सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन कर यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोग की अपील की।

# गुरुग्राम के तैराकों को छह साल के इंतजार के बाद नए साल पर मिल सकती है ऑल वेदर स्विमिंग पूल की सौगात

## करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम बना रहा कमला नेहरु पार्क में स्वीमिंग पूल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के तैराकों को करीब छह साल के इंतजार के बाद ऑल वेदर स्वीमिंग पूल मिलने की आस बंधी है। ओल्ड गुरुग्राम शहर के कमला नेहरु पार्क में पुराने स्विमिंग पूल की जगह पर ही ऑल वेदर पूल का निर्माण किया रहा है। करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से स्वीमिंग पूल बनाने का काम नगर निगम की ओर से किया जा रहा है। हालांकि पहले यह स्विमिंग पूल का काम 31 अगस्त तक पूरा होना था। लेकिन बारिश में काम बंद रहने व ठेकेदार की निजी परेशानी के चलते इसकी डेडलाइन अब 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। नगर निगम के एक्सईएन संदीप डूंडवाल ने बताया कि अभी तक 80 फीसदी से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब दिसंबर के अंत तक स्विमिंग पूल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और फिलहाल फिनिसिंग का काम किया जा रहा है। गुरुग्राम में ऑल वेदर स्वीमिंग पूल अभी तक खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध नहीं है। करीब छह साल पहले तक गुरुग्राम में कमला नेहरु पार्क में खेल विभाग के पास सामान्य स्वीमिंग पूल था, जिसे तोड़कर नया ऑल वेदर स्वीमिंग पूल बनाने के दावे वर्ष 2020 मे किए गए थे। स्वीमिंग पूल का निर्माण धीमी गति से चल रहा है, लेकिन निर्माण की डेडलाइन पहले अगस्त तक रखी गई थी। गुरुग्राम में फिलहाल तैराकी के 100 खिलाड़ी हैं, जो सामान्य स्वीमिंग पूल में प्रेक्टिस के लिए भी प्राइवेट स्वीमिंग पूल के चक्कर लगा रहे हैं। हालांकि गुरुग्राम में दो प्राइवेट ऑल वेदर स्वीमिंग पूल हैं, लेकिन महंगे होने के कारण खिलाड़ी खर्च वहन नही कर पाते। ऐसे में सर्दी में खिलाड़ियों को प्रेक्टिस के लिए दिल्ली या फिर दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। खेल विभाग के पास कोई नया स्विमिंग पूल नहीं होने से नए तैराक नहीं उभर सकें हैं।

**क्या कहती हैं स्विमिंग कोच?**

गुरुग्राम में कई इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं, जो दिल्ली में प्रेक्टिस करने को मजबूर हैं। वहीं खेल विभाग में तैराकी कोच शिवानी कटारिया भी इंटरनेशनल स्वीमर रह चुकी हैं और वर्ष 2016 में ओलिंपिक में हिस्सा ले चुकी हैं। कोच शिवानी कटारिया ने बताया कि पिछले कई साल से खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए सामान्य स्वीमिंग पूल तक नही है। हालांकि नया पूल ऑल वेदर बनाया जा रहा है, जो जल्द ही खिलाड़ियों को मिलने की उम्मीद है।

**वर्जन**

गुरुग्राम के कमला नेहरु पार्क में ऑल वेदर स्वीमिंग पूल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 80 फीसदी काम पूरा हो गया है। 31 दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा करने के लिए डेडलाइन दी गई है।

**संदीप डूंडवाल, एक्सईएन, नगर निगम गुरुग्राम।**

# अंधविश्वास छोड़ वैज्ञानिक सोच अपनाएं : कृष्ण वत्स

## वीरेंद्र स्मारक भवन में 'मिथकों से विज्ञान तक' पुस्तक पर विचार गोष्ठी आयोजित

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



**समालखा ।** हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति पानीपत एवं शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति की ओर से राष्ट्रीय अभियान के तहत वीरेंद्र स्मारक भवन में अलुमिनी मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रोफेसर गोहर रजा की पुस्तक 'मिथकों से विज्ञान तक' पर विचार गोष्ठी हुई।

सेवानिवृत्त प्रिंसिपल एवं हरियाणा विज्ञान मंच के राज्य महासचिव कृष्ण वत्स ने कहा कि विज्ञान की खोजों ने सदियों से चले आ रहे मिथकों और आडंबरों की वास्तविकता उजागर की है। समाज में अंधविश्वास के बजाय वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना जरूरी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के अध्यक्ष राजपाल दहिया ने कहा कि पाखंड, जातिवाद और सांप्रदायिकता समाज में विभाजन और शोषण को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने लोगों से वैज्ञानिक सोच और आपसी भाईचारा मजबूत करने की अपील की। समिति के सचिव वेदपाल ने बताया कि 'भविष्य का भारत' अभियान के तहत जिले के 20 से अधिक गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनसंवाद किया जा रहा है। करहंस की नेपाल धर्मशाला में भी कार्यक्रम आयोजित कर चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या की गई तथा शहीद भगत सिंह सहित स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इस दौरान देशभक्ति गीतों और रागनियों की प्रस्तुति भी दी गई।

कार्यक्रम में कंवर सिंह, शीशपाल, गुलाब सिंह, राजेंद्र रक्सेड़ा, सुनील, रामपाल, मोमिन, सतीश चौहान, डॉ. शीशपाल, सीताराम, राजकुमार, सागर, मास्टर बृजमोहन, इस्माइल, डॉ. सुरेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पल्ला इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों की मांग बिना देरी के पूरी करे सरकार : वर्धन यादव

## पल्ला इंजीनियरिंग कालेज को बीजेपी ने बना दिया है राजनीति का अखाड़ा : वर्धन यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज





**गुरुग्राम।** नूंह जिला के पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे आंदोलन को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव ने समर्थन देते हुए छात्रों की मांगों को जल्द से जल्द मानने की सरकार से मांग की है। बुधवार को आंदोलित छात्रों के बीच पहुंचे वर्धन यादव ने कहा कि शिक्षा के मंदिर को भाजपा के नेता ने राजनीति का अखाड़ा बना दिया है, जो निंदनीय है। किसी भी शिक्षण संस्थान में मूलभूत सुविधाओं होना पहली जरूरत होती है, मगर पल्ला इंजीनियरिंग कालेज सुविधाओं से महरूम रखा जा रहा है। वर्धन यादव ने कहा कि पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की कमी, खराब हॉस्टल की स्थिति, पीने के पानी का संकट, पर्याप्त प्रयोगशालाओं और शिक्षकों की कमी के साथ-साथ कर्मचारियों के 2018 से डीए से रुके हुए डीए व प्रमोशन की मांग को लेकर छात्र व स्टाफ धरने पर हैं। हरियाणा में यह कारनामा भाजपा की सरकार में हो रहा है कि छात्र और स्टाफ मिलकर आंदोलन की राह पर हैं। सरकार शिक्षण संस्थान की इस गंभीरता को समझ ही नहीं रही। दिखावे के लिए बातचीत का रास्ता निकाल रही है, जबकि मांगों को शत-प्रतिशत पूरा करना ही इस आंदोलन की समाप्ति की राह है। वर्धन यादव ने कहा कि आंदोलन कर रहे छात्रों की मुख्य मांग कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन का इस्तीफा है, जिस पर सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड ने जिस उद्देश्य से इस कॉलेज को बनाया था, वह उद्देश्य यहां पूरा नहीं हो रहा। कालेज की छात्र हित में इस्तेमाल होना चाहिए, मगर यहां कालेज को राजनीतिक लोग संचालित कर रहे हैं।

वर्धन यादव ने कहा कि ये सभी मांगें पूरी तरह जायज हैं। किसी भी इंजीनियरिंग कॉलेज में अगर यही सुविधाएं नहीं होंगी, तो छात्र कैसे पढ़ेंगे, कैसे आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा पर खर्च को बोझ नहीं, बल्कि निवेश समझना चाहिए। अगर आज छात्रों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तो कल प्रदेश और देश का विकास कैसे होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के एक नेता द्वारा कॉलेज के मामलों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। इससे कॉलेज का शैक्षणिक माहौल खराब हो रहा है। शिक्षण संस्थान को राजनीति से दूर रखना चाहिए। वहां सिर्फ पढ़ाई, अनुशासन और छात्रों के भविष्य की बात होनी चाहिए। लेकिन यहां उल्टा हो रहा है। राजनीति के कारण ही छात्रों की समस्याएं बढ़ी हैं और उन्हें सडक़ों पर उतरना पड़ा है। वर्धन यादव के साथ युवा नेता शाहीन शम्स भी पहुंचे जिन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से छात्रों के साथ खड़ी है। छात्रों का संघर्ष अकेला नहीं है। अगर सरकार ने जल्द उनकी मांगों को नहीं माना, तो कांग्रेस सडक़ से लेकर विधानसभा तक उनकी आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी गई। मौजूदा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। आज सरकारी स्कूल, कॉलेजों की हालत खराब है। शाहीन शम्स ने कहा कि पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज मेवात जैसे पिछड़े क्षेत्र में स्थित है। यहां के छात्र पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में अगर उन्हें कॉलेज में भी सुविधाएं नहीं मिलेंगी, तो यह उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। सरकार को इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मेवात के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर देने होंगे।

उपस्थित छात्रों ने सरकार से मांग की है कि सबसे पहले कालेज के एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन को हटाया जाए। भूख हड़ताल पर बैठे दोनों छात्रों को तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कॉलेज की इमारत और हॉस्टल की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए। छात्रों की 16 सूत्रीय मांगों पर एवं शिक्षकों की 14 सूत्रीय मांगों पर बिना देरी के विचार करके समाधान निकाला जाए। कॉलेज के संचालन, बजट और भविष्य को लेकर सरकार साफ तौर पर रोडमैप सार्वजनिक करे, ताकि कालेज के स्टाफ व छात्रों को पढने-पढ़ाने का बेहतर माहौल मिले। छात्रों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने वर्धन यादव के समर्थन के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

# जिला युवा महोत्सव-2026 में युवाओं को मिलेगा प्रतिभा प्रदर्शन का सुनहरा अवसर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

- लोक नृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक सहित छह विधाओं में होंगी प्रतियोगिताएं; विजेताओं को मिलेंगे 4100, 3100 और 2100 रुपये के पुरस्कार

**गुरुग्राम।** युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, उनकी रचनात्मक एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गुरुग्राम में जिला युवा महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। युवा समन्वय अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और युवा संगठनों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

आईटीआई गुरुग्राम के प्रधानाचार्य रविंद्र यादव ने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ना तथा उनमें राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक संवाद और नेतृत्व क्षमता की भावना को बढ़ावा देना है। इस वर्ष महोत्सव की प्रमुख थीम 'नशा मुक्त युवा फोर विकसित भारत' निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से युवाओं को नशामुक्त समाज और विकसित भारत के निर्माण का संदेश देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जिला युवा महोत्सव के तहत छह विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें लोक नृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, कविता लेखन तथा लोक वाद्य यंत्र प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे।

# पटौदी जटौली अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद अस्थायी रूप से बंद

## ई-खरीद पोर्टल बंद होने से आगामी आदेश तक जारी नहीं होंगे बाजरे के गेटपास

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

**पटौदी।** मार्केट कमेटी पटौदी के चेयरमैन मनोज मोकलवास ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार बाजरे की सरकारी खरीद फिलहाल अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। बाजरे की खरीद के लिए संचालित ई-खरीद पोर्टल को भी आगामी आदेश तक बंद कर दिया गया है। इसके चलते फिलहाल बाजरे के गेटपास जारी नहीं हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य प्रशासक, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएम), पंचकूला द्वारा 10 नवंबर 2026 को जारी पत्र के माध्यम से राज्य की मंडियों में बाजरे की खरीद बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पटौदी जटौली अनाज मंडी में भी बाजरे की खरीद प्रक्रिया फिलहाल स्थगित रहेगी। चेयरमैन मनोज मोकलवास ने कहा कि यदि कोई वास्तविक किसान किसी कारणवश अपनी बाजरा फसल बेचने से वंचित रह गया है, तो ऐसे मामलों का सत्यापन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा। सत्यापन के उपरांत अनुमोदित किसानों की सूची हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को भेजी जाएगी, ताकि पात्र किसानों को ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से बाजरा बेचने की अनुमति मिल सके।

# जीएमडीए का बड़ा अतिक्रमण रोधी अभियान रंग लायाः शहर की मुख्य सड़कों से 90% अतिक्रमण स्थाई रूप से साफ

## 8 अक्टूबर से अब तक लगभग 3,500 अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए; दोबारा कब्जे रोकने के लिए प्रवर्तन टीमों की दैनिक गश्त तेज

- सीईओ जीएमडीए खुद कर रहे हैं प्रगति की निगरानी; फुटपाथ, ग्रीन बेल्ट और ग्रिल लगाकर किया जा रहा है सौंदर्यीकरण

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज





**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (GMDA) द्वारा चलाए जा रहे निरंतर अतिक्रमण विरोधी अभियान के अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक और दृश्यमान परिणाम दिखाई देने लगे हैं। शहर की प्रमुख मॉडल और आइकॉनिक सड़कों से लगभग 90 प्रतिशत अतिक्रमण हटा दिया गया है, और नियमित निगरानी के जरिए इन रास्तों को दोबारा कब्जामुक्त रखा जा रहा है। 3,500 अस्थाई संरचनाएं हटाई गईं 8 अक्टूबर से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत जीएमडीए के प्रवर्तन प्रभाग (Enforcement Wing) ने 8 प्रमुख सड़कों से करीब 3,500 अस्थाई अतिक्रमण हटाए हैं। टीम का मुख्य ध्यान उन संवेदनशील स्थानों पर है, जहां बार-बार रेहड़ी-पटरी और अस्थाई ढांचे फिर से खड़े हो जाते थे। सोमवार को डीटीपी (प्रवर्तन) आर.एस. बाठ ने एटीपी, जूनियर इंजीनियरों (JEs) और फील्ड स्टाफ के साथ सेक्टर 30-31, 40-41, 46-47, मेदांता रोड, सेक्टर 51-57, 50-51, सनथ रोड और उद्योग विहार (सेक्टर 32/39) जैसे प्रमुख रोड स्ट्रेच का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि अधिकांश सड़कें साफ हो चुकी हैं, हालांकि सेक्टर 50-51 स्ट्रेच पर दिखे कुछ नए कब्जों को अगले दो दिनों में हटाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

हटाये गए स्थानों का हो रहा सौंदर्यीकरण जीएमडीए के सीईओ श्री पी.सी. मीना ने बताया कि अब प्राधिकरण की रणनीति केवल पक्के या कच्चे ढांचों को हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि दोबारा होने वाले अस्थाई कब्जों को रोकना मुख्य प्राथमिकता है। जहां से भी अतिक्रमण हटाया गया है, वहां सुरक्षात्मक ग्रिल (protective grills), फुटपाथ निर्माण और ग्रीन बेल्ट के विकास का काम तेजी से जारी है। उदाहरण के तौर पर, मेदांता रोड पर 5 प्रमुख अतिक्रमण स्थलों को साफ कर 4 जगहों पर ग्रिलिंग और पौधरोपण का कार्य पूरा कर लिया गया है। डीटीपी (ई) आर.एस. बाठ ने स्पष्ट किया कि सीईओ जीएमडीए के मार्गदर्शन में करीब 50 जवानों और मशीनों की दैनिक तैनाती के साथ गश्त की जा रही है। साफ की गई सार्वजनिक संपत्तियों पर दोबारा कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरडब्ल्यूए और निवासियों ने की सराहना जीएमडीए की इस कार्रवाई से गुरुग्राम के निवासियों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशंस (RWAs) में खुशी की लहर है। सेक्टर 31 और सेक्टर 40 की आरडब्ल्यूए ने जीएमडीए सीईओ को लिखित में धन्यवाद पत्र भेजकर प्रवर्तन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर टीमों के प्रयासों की सराहना की है।

# एसआईआर की प्रारंभिक मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं हो पाए मतदाताओं को नाम जुड़वाने का एक और अवसर : डीसी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने चारों विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों की तत्काल अनुपालना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज




**गुरुग्राम।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करवाने की प्रक्रिया को लेकर जिला के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ) के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित दिशा-निर्देशों का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पात्र मतदाताओं को नाम जुड़वाने का अवसर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इससे पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा ए. श्रीनिवास ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण के संशोधित कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए थे। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला में 15 जून से 24 जुलाई 2026 तक 15,55,034 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे। इनमें से 11,01,955 मतदाताओं ने 24 जुलाई 2026 तक अपने गणना प्रपत्र वापस जमा करवाए। शेष मतदाताओं में 1,36,257 अनुपस्थित, 25,713 अन्य, 60,970 मृतक, 2,03,491 स्थानांतरित तथा 26,648 पहले से दर्ज अथवा दोहरे मतदाताओं के रूप में चिह्नित किए गए थे। 31 जुलाई को प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची में 11,01,955 मतदाताओं को शामिल किया गया था। अब आयोग के निर्देशानुसार गणना प्रपत्र जमा न कर पाने वाले पात्र मतदाताओं को भी अंतिम मतदाता सूची में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

डीसी ने बताया कि ऐसे सभी मतदाताओं की मतदान केंद्रवार सूची संबंधित मतदान केंद्रों के नोटिस बोर्ड, ईआरओ एवं एईआरओ कार्यालयों तथा शहरी स्थानीय निकायों के कार्यालयों में दोबारा प्रदर्शित की जाएगी। यह सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा की वेबसाइट पर पीडीएफ प्रारूप में भी उपलब्ध होगी, जिसमें नाम शामिल न होने के संभावित कारणों का उल्लेख किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संबंधित मतदाता अपने वर्तमान सामान्य निवास स्थान से जुड़े ईआरओ, एईआरओ अथवा बीएलओ के पास विधिवत भरा हुआ गणना प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर के माध्यम से निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा ईसीआईनेट ऐप से भी गणना प्रपत्र डाउनलोड कर उसे भर सकते हैं। डीसी ने कहा कि यदि मतदाता ने अपना निवास स्थान नहीं बदला है, तो वह हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र के साथ निर्धारित घोषणा पत्र (अनुलग्नक-बी) जमा करवा सकता है। इसमें पहले गणना प्रपत्र जमा न कर पाने का कारण भी बताना होगा। मतदाता अपने परिवार के किसी सदस्य के माध्यम से भी यह प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। इसी प्रकार, यदि कोई मतदाता हरियाणा में ही किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो गया है, तो उसे फॉर्म-8 जमा करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे मतदाताओं को नए पते एवं विधानसभा क्षेत्र का विवरण देते हुए गणना प्रपत्र के साथ निर्धारित घोषणा पत्र (अनुलग्नक-सी) और निवास प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

# हरियाणा बागवानी पौधशाला अधिनियम 2025 एवं नियम 2026 के तहत नर्सरी संचालकों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

- *बिना लाइसेंस नर्सरी संचालित करने वालों के खिलाफ होगी नियमानुसार कार्रवाई

**गुरुग्राम।** हरियाणा बागवानी पौधशाला अधिनियम 2025 एवं हरियाणा बागवानी पौधशाला नियम 2026 के तहत जिले में फलदार पौधों, सजावटी पौधों एवं अन्य बागवानी फसलों की पौध तैयार करने और नर्सरी संचालित करने वाले सभी संचालकों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

जिला बागवानी अधिकारी नेहा यादव ने बताया कि जिले के सभी नर्सरी संचालक निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी नर्सरी का लाइसेंस बनवाने के लिए जिला बागवानी अधिकारी, गुरुग्राम के कार्यालय में अतिशीघ्र आवेदन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बिना नर्सरी लाइसेंस के नर्सरी संचालित करते हुए पाए जाने वाले संचालकों के खिलाफ हरियाणा बागवानी पौधशाला अधिनियम 2025 एवं हरियाणा बागवानी पौधशाला नियम 2026 के तहत नियमानुसार प्रशासनिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला बागवानी अधिकारी, गुरुग्राम के दूरभाष नंबर 0124-2324067 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त नर्सरी संचालक अपने संबंधित ब्लॉक के बागवानी विकास अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं। ब्लॉक स्तर पर संपर्क के लिए गुरुग्राम के बागवानी विकास अधिकारी पुष्पेंद्र राजपूत (मोबाइल नंबर 9695316165), पटौदी के डॉ. रविंद्र सहरावत (9812344454), सोहना के ओंकार राणे (8208541881) तथा फर्रुखनगर की रूपांशी (9306813354) से संपर्क किया जा सकता है।



# प्रदूषण फैलाने वालों पर एमसीजी की बड़ी कार्रवाई, 17 दिनों में 634 चालान कर लगाया 45.82 लाख रुपये का जुर्माना

## पॉलिथीन उपयोग, सार्वजनिक स्थानों पर थूकने, कचरा जलाने और धूल नियंत्रण नियमों के उल्लंघन पर सख्ती

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

**गुरुग्राम।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा व्यापक स्तर पर प्रवर्तन एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। एक ओर जहां निगम की प्रवर्तन टीमें प्रदूषण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर सड़कों से धूल हटाने, पानी का छिड़काव करने, मैकेनिकल रोड स्वीपिंग और एंटी-स्मॉग गन के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास तेज किए गए हैं।

नगर निगम की 24 अक्टूबर से 10 नवंबर 2026 तक की कार्रवाई रिपोर्ट के अनुसार, 17 दिनों में विभिन्न प्रकार के उल्लंघनों पर कुल 634 चालान जारी किए गए और 45,82,300 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई शहर में स्वच्छता नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई।

**अतिरिक्त आयुक्त अंकिता चौधरी ने किया जोन-3 की सड़कों का निरीक्षण**

धूल नियंत्रण अभियान की जमीनी स्तर पर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त अंकिता चौधरी ने जोन-3 में डस्ट एक्शन प्लान के तहत चिन्हित सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर धूल नियंत्रण के उपायों की स्थिति का जायजा लिया और अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। वहीं, वार्ड नंबर-34 में भी सड़कों एवं आसपास के क्षेत्रों से जमा मिट्टी उठाने का कार्य लगातार जारी है। निगम की सफाई टीमें नियमित रूप से मिट्टी एकत्रित कर उसका उठान कर रही हैं। इसका उद्देश्य सड़क किनारों पर जमा धूल को हटाना और वाहनों की आवाजाही से दोबारा धूल उड़ने की समस्या को कम करना है।

**निगमायुक्त प्रदीप दहिया के निर्देशों पर कार्रवाई और निगरानी तेज:** नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों एवं प्रवर्तन टीमों को प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रखा गया है। निगम द्वारा धूल फैलाने वाली गतिविधियों, खुले में कचरा जलाने, प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग और निर्माण एवं विध्वंस कचरे के अनुचित निस्तारण के मामलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया के अनुसार गुरुग्राम को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई के साथ-साथ निरंतर जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि सड़कों से धूल के स्रोत समाप्त हों, नियमित सफाई हो और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रहे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही सभी नागरिकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और निर्माण एजेंसियों से अपील है कि वे स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें और इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें।

***जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त गुरुग्राम:**

नगर निगम गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करें, सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें, खुले में कचरा न जलाएं और निर्माण सामग्री को ढककर रखें। साथ ही, कचरे का उचित निस्तारण करें और अपने आसपास सफाई बनाए रखने में सहयोग दें।

### पॉलिथीन और धूल प्रदूषण के मामलों में सबसे अधिक कार्रवाई

नगर निगम की प्रवर्तन टीमों ने प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग के मामलों में 177 चालान जारी किए। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने के 88 और डस्ट मिटिगेशन नियमों की अवहेलना के 85 मामलों में कार्रवाई की गई। इसके अलावा, कूड़ेदान उपलब्ध नहीं होने पर 80 चालान किए गए। खुले में कचरा जलाने के 54 मामलों में कार्रवाई की गई, जबकि पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ भी 54 चालान जारी किए गए। निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) वेस्ट के नियमों का उल्लंघन करने पर 22 तथा निर्माण कार्य बंद करने के आदेशों की अवहेलना करने पर 11 चालान किए गए। निगम की कार्रवाई में बिना ढके निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहन, अवैध रूप से कचरा डालने, स्टॉर्म वाटर ड्रेन में अवैध कनेक्शन, खुले में शौच, सेप्टेज संबंधी उल्लंघन और अन्य स्वच्छता नियमों के मामले भी शामिल रहे।

# यातायात प्रबंधन से जनसेवा तक पिछले 30 दिनों में गुरुग्राम यातायात पुलिस की प्रभावी पहल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

- 3,532 विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा क्विज में लिया भाग, 3,000 ऑटो चालकों को किया जागरूक, 107 राइडर्स की तैनाती और 10 नागरिकों को लौटाई खोई संपत्ति।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा पिछले 30 दिनों के दौरान विभिन्न स्तरों पर विशेष अभियान एवं जनहितकारी गतिविधियां संचालित की गईं। इन अभियानों के तहत हजारों वाहन चालकों, विद्यार्थियों एवं व्यावसायिक वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ यातायात प्रबंधन को मजबूत बनाने, चालान भुगतान की प्रक्रिया को सुविधाजनक करने और नागरिकों की सहायता करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

***लगभग 3,000 ऑटो चालकों को किया जागरूक, ट्रक चालकों को भी दिए यातायात अनुशासन के निर्देश***

पिछले 30 दिनों के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 3,000 ऑटो चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें मुख्य हाईवे पर ऑटो न चलाने, निर्धारित सर्विस लेन का उपयोग करने, बाईं लेन में वाहन चलाने, निर्धारित स्थानों पर ही सवारी बैठाने एवं उतारने तथा अवैध पार्किंग से बचने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार ट्रक चालकों को भी बाईं लेन में वाहन चलाने, सड़क किनारे अवैध पार्किंग न करने तथा यातायात के सुचारू प्रवाह में बाधा उत्पन्न न करने के संबंध में जागरूक किया गया।

***स्कूल परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए चलाए जागरूकता कार्यक्रम***

स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्कूलों में जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इनमें स्कूल बस चालकों, ट्रांसपोर्ट कोऑर्डिनेटर्स एवं संबंधित स्टाफ को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने, सुरक्षित पिक-अप एवं ड्रॉप सुनिश्चित करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, बाईं लेन का उपयोग करने तथा स्कूल बसों के आवश्यक दस्तावेज पूरे रखने संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज को दिया हर संभव मदद का भरोसा : जाकिर हुसैन

## मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में धरने पर बैठे छात्रों की मांगों को मिली लिखित में मंजूरी, जल्द होंगी पूरी : जाकिर हुसैन

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

**नूंह।** मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में धरनारत छात्रों की मांगों को लिखित में मंजूरी मिल गई है। हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने छात्रों की सभी मांगों को लिखित में मंजूर कर आश्वासन पत्र कॉलेज के डायरेक्टर को भेज दिया है। मंगलवार को हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज वक्फ के मामले पर करीब 1 घंटे से ज्यादा विस्तारपूर्वक चर्चा की। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज का सारा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को बेहतर शिक्षा, सुविधा व कॉलेज को बेहतर ढंग से चलाने के लिए हरियाणा सरकार पूरा सहयोग करेगी। ज़ाकिर हुसैन ने बताया कि छात्रों की सभी मांगें 4 अक्टूबर को लघु सचिवालय में जिला उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में ही मंजूर कर दी गई थीं। उस



बैठक में सीईओ मोहम्मद शाईन व मेवात विकास सभा के वरिष्ठ साथी भी मौजूद रहे थे। मंगलवार को उन्हें लिखित में देने का आश्वासन पत्र डायरेक्टर को भेज दिया गया है। चौधरी जाकिर हुसैन ने बताया कि 18 सितंबर को मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा कर छात्रों से संवाद किया था। उनके द्वारा रखी गई कई मांगों पर 21 सितंबर को ही कार्य शुरू हो गया था और कुछ मांगों को जिला उपायुक्त द्वारा एमडीए से पूरा कराया जा रहा है।

**हरियाणा वक्फ बोर्ड ही चलाएगा कॉलेज। जाकिर हुसैन**

हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला का पौधा उनके चाचा मरहूम चौधरी हामिद हुसैन ने हरियाणा वक्फ बोर्ड का चेयरमैन रहते हुए 2008 में लगाया था और 2010 में कॉलेज की शुरुआत हुई थी। जिस परिवार ने मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज का पौधा लगाया हो, उस परिवार के सदस्य उस पौधे को उजाड़ने की सोच भी कैसे सकते हैं। यह सपना मेवात के लोगों ने देखा था, जिसको मरहूम चौधरी हामिद हुसैन ने पूरा किया था। उन्होंने कहा कि मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला को हरियाणा वक्फ बोर्ड चलाता आ रहा है और आगे भी हरियाणा वक्फ बोर्ड ही चलाता रहेगा। उन्होंने कहा कि वह लगातार प्रयासरत हैं कि मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज बेहतर ढंग से चले, बेहतर सुविधा छात्रों और स्टाफ को मिले तथा इंजीनियरिंग के साथ-साथ क्षेत्र के बच्चों को विभिन्न प्रकार के कोर्सेज की बेहतर शिक्षा मिले।

***13 नवंबर को महत्वपूर्ण बैठक, मिलेगी बड़ी सौगात***

बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षकों व स्टाफ की मांगें भी जल्द पूरी होंगी और इंशा अल्लाह! मेवात को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलेगी जिसकी 13 नवंबर को महत्वपूर्ण बैठक है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस मामले में पल-पल की खबर ले रहे हैं और उन्होंने अपने ओएसडी राज नहरू की जिम्मेदारी लगाई है। राज नहरू खुद बहुत बड़े शिक्षाविद हैं। राज नहरू केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के आह्वान पर केंद्र में बहुत बड़ी नौकरी छोड़कर प्रदेश के लोगों की सेवा में जुटे हैं। सभी प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर उनका आभार जताया है। 2021 में उनके पदभार ग्रहण करने से पूर्व हरियाणा वक्फ बोर्ड के हालात ठीक नहीं थे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल का भी आभार जताते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से 2021 में उन्होंने जब प्रशासक का पदभार ग्रहण किया तो सीईओ मोहम्मद शाईन व बोर्ड के अधिकारियों के साथ मिलकर दिन-रात मेहनत कर हरियाणा वक्फ बोर्ड के विकास के लिए कार्य किया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से हरियाणा वक्फ बोर्ड पटरी पर चढ़ा है और अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद व मार्गदर्शन में हरियाणा वक्फ बोर्ड विकास की तरफ बढ़ रहा है।

***छात्रों से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील***

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों से अपील करते हुए कहा कि सभी मांगें मान ली गई हैं, जिन्हें बहुत जल्द पूरा कर दिया जाएगा। आप लोग अब भूख हड़ताल खत्म करें और धरना प्रदर्शन समाप्त करके अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें तथा कॉलेज स्टाफ से भी यही अपील है।

## पल्ला इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों की मांग बिना देरी के पूरी करे सरकार, वर्धन यादव ने शाहिन शम्स के साथ धरने को दिया समर्थन

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



**नूंह।** नूंह जिला के पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे आंदोलन को गुरूग्राम कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव ने समर्थन देते हुए छात्रों की मांगों को जल्द से जल्द मानने की सरकार से मांग की है। बुधवार को आंदोलित छात्रों के बीच पहुंचे वर्धन यादव ने कहा कि शिक्षा के मंदिर को भाजपा के नेता ने राजनीति का अखाड़ा बना दिया है, जो निंदनीय है। किसी भी शिक्षण संस्थान में मूलभूत सुविधाओं होना पहली जरूरत होती है, मगर पल्ला इंजीनियरिंग कालेज सुविधाओं से महरूम रखा जा रहा है। वर्धन यादव ने कहा कि पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की कमी, खराब हॉस्टल की स्थिति, पीने के पानी का संकट, पर्याप्त प्रयोगशालाओं और शिक्षकों की कमी के साथ-साथ कर्मचारियों के 2018 से डीए से रुके हुए डीए व प्रमोशन की मांग को लेकर छात्र व स्टाफ धरने पर हैं। हरियाणा में यह कारनामा भाजपा की सरकार में हो रहा है कि छात्र और स्टाफ मिलकर आंदोलन की राह पर हैं। सरकार शिक्षण संस्थान की इस गंभीरता को समझ ही नहीं रही। दिखावे के लिए बातचीत का रास्ता निकाल रही है, जबकि मांगों को शत-प्रतिशत पूरा करना ही इस आंदोलन की समाप्ति की राह है। वर्धन यादव ने कहा कि आंदोलन कर रहे छात्रों की मुख्य मांग कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन का इस्तीफा है, जिस पर सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड ने जिस उद्देश्य से इस कॉलेज को बनाया था, वह उद्देश्य यहां पूरा नहीं हो रहा। कालेज की छात्र हित में इस्तेमाल होना चाहिए, मगर यहां कालेज को राजनीतिक लोग संचालित कर रहे हैं। वर्धन यादव ने कहा कि ये सभी मांगें पूरी तरह जायज हैं। किसी भी इंजीनियरिंग कॉलेज में अगर यही सुविधाएं नहीं होंगी, तो छात्र कैसे पढ़ेंगे, कैसे आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा पर खर्च को बोझ नहीं, बल्कि निवेश समझना चाहिए। अगर आज छात्रों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तो कल प्रदेश और देश का विकास कैसे होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के एक नेता द्वारा कॉलेज के मामलों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। इससे कॉलेज का शैक्षणिक माहौल खराब हो रहा है। शिक्षण संस्थान को राजनीति से दूर रखना चाहिए। वहां सिर्फ पढ़ाई, अनुशासन और छात्रों के भविष्य की बात होनी चाहिए। लेकिन यहां उल्टा हो रहा है। राजनीति के कारण ही छात्रों की समस्याएं बढ़ी हैं और उन्हें सडक़ों पर उतरना पड़ा है। वर्धन यादव के साथ युवा नेता शाहीन शम्स भी पहुंचे जिन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से छात्रों के साथ खड़ी है। छात्रों का संघर्ष अकेला नहीं है। अगर सरकार ने जल्द उनकी मांगों को नहीं माना, तो कांग्रेस सडक़ से लेकर विधानसभा तक उनकी आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी गई। मौजूदा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। आज सरकारी स्कूल, कॉलेजों की हालत खराब है। शाहीन शम्स ने कहा कि पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज मेवात जैसे पिछड़े क्षेत्र में स्थित है।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत बेटियों के विवाह पर दी जा रही आर्थिक सहायता : उपायुक्त अखिल पिलानी

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



**नूंह।** उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह के अवसर पर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह के समय आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुसूचित जाति के परिवारों को बेटी के विवाह पर 71 हजार रुपये की कन्यादान राशि प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार विधवा एवं तलाकशुदा महिलाओं तथा निराश्रित महिलाओं की बेटियों के विवाह पर 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। अनाथ एवं निराश्रित बच्चों के विवाह के लिए भी 51 हजार रुपये की सहायता का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त अन्य जातियों के बीपीएल परिवारों को बेटी के विवाह पर 41 हजार रुपये की कन्यादान राशि प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जिला नूंह में अब तक मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 907 लाभार्थी परिवारों को कुल 4 करोड़ 86 लाख 67 हजार रुपये की आर्थिक सहायता वितरित की जा चुकी है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक संबल साबित हो रही है और बेटियों के विवाह के अवसर पर परिवारों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। उपायुक्त अखिल पिलानी ने पात्र परिवारों से आह्वान किया कि वे मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ उठाने के लिए निर्धारित पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर समय पर आवेदन करें, ताकि सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच सके।

## अन्नकूट के प्रसाद से भगवान होते हैं प्रसन्न : पवन कौशिक

### श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया अन्नकूट का प्रसाद

ओपन सर्च/ वेद बहल

**झज्जर।** सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर में गोवर्धन पूजा, अन्नकूट का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। मन्दिर में विधिविधान से गोवर्धन की पूजा की गई। पूजन आरती के उपरांत अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पंडित पवनकौशिक ने गोवर्धन पूजा का धार्मिक महत्व बताया। उन्होंने बताया कि पौराणिक कथानुसार जब इंद्रदेव ने ब्रज में भारी वर्षा की थी, तब भगवान श्री कृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों और अन्य जीवों की सात दिनों तक रक्षा की थी। तभी से गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है। गोवर्धन पूजा प्रकृति और भक्ति सिखाती है।



**-भगवान श्री कृष्ण भक्तों की करते है रक्षा**

भगवान श्री कृष्ण अपनी शरण मे आए अपने प्रिय भक्तो एवं हर प्राणी की रक्षा करते है। गोवर्धन पूजा को प्रकृति की पूजा भी कहा जाता हैं।

इसकी शुरुआत स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने की थी। अन्नकूट के प्रसाद से भगवान प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों पर कृपा बनाए रखते हैं। इस अवसर पर समिति प्रधान सुधांशु हंस, वीर हनुमान समिति के प्रधान सुभाष वर्मा, दिनेश दुजाना, वंशू वर्मा, प्रधान रमेश लखेरा, मनीष महता, भारत भूषण नन्दा, लक्ष्य वर्मा, मयंक गुर्जर, नयन हंस, सक्षम वर्मा, राजेंद्र वधवा, भवित वर्मा, आशीष चावला, वंशू वर्मा, योगेश रंजन, प्रिंस सेठी, हेमन्त वर्मा, अर्पित सेवक, वर्मा सुभाष, सहित अन्य श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में छवि ने जीता गोल्ड, समालखा का बढ़ाया मान

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार



**समालखा।** चांद स्पोर्ट्स अकादमी, समालखा की होनहार खिलाड़ी छवि ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए डी.ए.वी. ऑल स्कूल नेशनल वुशु चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पानीपत जिले और हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। छवि ने अंडर-40 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। अकादमी के कोच राजीव कुमार एवं रजनी देवी ने बताया कि 23 से 26 अक्टूबर 2026 तक ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में डी.ए.वी. ऑल स्कूल नेशनल वुशु चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से करीब 600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच छवि ने बेहतरीन खेल कौशल, आत्मविश्वास और मेहनत का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छवि की इस उपलब्धि से चांद स्पोर्ट्स अकादमी सहित गांव डेरा में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रतियोगिता से स्वर्ण पदक जीतकर लौटने पर अकादमी के सदस्यों, ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने उसका स्वागत कर बधाई दी। कोच राजीव कुमार एवं रजनी देवी ने कहा कि छवि की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छवि भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाएगी।

## प्राचीन शिव मंदिर अस्थल नगीना में गोवर्धन पर हुआ विशाल भंडारा, सर्व समाज ने किया प्रसाद ग्रहण

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



**नूंह।** नूंह जिले में गोवर्धन पर्व पर मंदिरों में ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना, पूजन व आरती की गई। इस अवसर अन्नकूट का भोग लगाया गया, जिसे छप्पन भोग भी कहा जाता है। मंदिरों की विशेष साज-सज्जा और सजावट की गई। प्राचीन शिव मंदिर अस्थल नगीना के प्रांगण में गोवर्धन पर्व पर अन्नकूट के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए प्राचीन शिव मंदिर अस्थल कमेटी के अध्यक्ष किशनचंद गुप्ता व सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि गोवर्धन पर्व पर भगवान श्री कृष्ण से विधिवत सर्व मंगल कार्येषु, सर्व सुख कार्येषु के निमित्त प्रार्थना एवं विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चारणों से विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। उन्होंने बताया कि कई दिनों से लगातार पंच महोत्सव महापर्व होने की वजह से घरों व बाजारों में रौनक व विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, पकवान बनाए गए। व्यंजनों, पकवानों को खाने की वजह से पेट में कई प्रकार के विकार उत्पन्न हो जाते हैं। उन विकारों को दूर करने के लिए अन्नकूट के भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कढ़ी, बाजरा, छाछ, बैंगन, मूली, गोभी, आलू, टमाटर, धनिया, पालक, हरी मिर्च, अदरक, हरी पत्तेदार सब्जियां आदि की मिली-जुली (मिश्रण) सब्जी बनाई गई। जिसमें सर्व समाज के सदस्यों ने आपसी प्रेम वात्सल्य के भाव के चलते भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पंडित नंदकिशोर शर्मा व समाजसेवी रजत जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने जनमानस को इंद्रदेव के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी दिव्य शक्ति से कनिष्ठा (कन्या) उंगली पर उठा लिया था और सात दिनों तक उसे अपनी कनिष्ठा पर विराजमान रखा तथा सभी जीव-जंतु, प्राणी मात्र की रक्षा इंद्र के प्रकोप से की थी। प्राणी मात्र को सच्ची ईश्वरीय शक्ति से परिचित कराया। इंद्रदेव ने अपनी गलती-भूल के लिए भगवान श्री कृष्ण से क्षमा याचना की, तभी से गोवर्धन की पूजा-अर्चना-पूजन प्रारंभ हुई। रजत जैन ने बताया कि यह मात्र एक पर्व नहीं बल्कि ईश्वर के प्रति पूर्ण श्रद्धा, आस्था, विश्वास, निष्ठा, समर्पण, साधना का महापर्व है। वसुंधरा, गौ माता, जननी, जन्मभूमि, प्रकृति, जीवमात्र व सामूहिकता के प्रति असीम श्रद्धा, आस्था, निष्ठा, समर्पण, सद्भावना, सौहार्द, प्रेम वात्सल्य का प्रतीक है।

रजत जैन ने बताया कि व्यक्ति को अपने जीवन में मूल सिद्धांत 'परस्परोपग्रहो जीवनम्' अर्थात सभी जीव एक-दूसरे के उपकारी हैं, सबको जीने का समान अधिकार है, को जीवन में प्राथमिकता के साथ अपनी जीवन शैली में धारण करना चाहिए। रजत जैन ने वीर निर्वाण संवत् 2553, कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं व प्राणी मात्र के आत्मकल्याण, अहिंसा के पथ पर चलकर, देश के सर्वांगीण विकास, यश, कीर्ति, सुख-शांति, समृद्धि, उन्नति, खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य, आपसी प्रेम व भाईचारे के लिए परमपिता परमात्मा से विशेष प्रार्थना की।

## कजाकिस्तान में कांस्य पदक जीतकर स्वाति यादव ने बढ़ाया देश का मान, रेवाड़ी में निकला भव्य रोड शो

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा






**रेवाड़ी।** कजाकिस्तान में आयोजित 15वीं सीनियर कुराश विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर स्वाति यादव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश, प्रदेश और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। स्वाति यादव कोसली थाना प्रभारी विद्यासागर की भतीजी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार और पूरे क्षेत्र में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्वाति यादव के सम्मान में रेवाड़ी सेक्टर-19 स्थित कोसली थाना प्रभारी विद्यासागर के आवास से खुली गाड़ी में भव्य रोड शो निकाला गया। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए रोड शो का जगह-जगह फूल-मालाओं और तालियों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद गांव उनींदा, अटेली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गांव और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न गांवों के सरपंचों, प्रमुख सामाजिक संगठनों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विजय एकता मंच सहित क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक संगठनों, गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने स्वाति यादव का बुके भेंट कर, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर, पगड़ी पहनाकर तथा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतने वाली स्वाति यादव के साथ उनके कोच करमबीर कोच तथा सोमबीर पावड़िया, महासचिव, हरियाणा कुराश एसोसिएशन को भी पगड़ी पहनाकर एवं फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि स्वाति यादव की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। इस सफलता में उनके प्रशिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कजाकिस्तान में विश्व स्तर पर पदक जीतना पूरे हरियाणा और देश के लिए गर्व की बात है। वक्ताओं ने कहा कि स्वाति यादव की सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

## फर्रुखनगर में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पर्व, कई मंदिरों में हुआ अन्नकूट प्रसाद का वितरण

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



**फर्रुखनगर।** गुरुग्राम जिले के ऐतिहासिक कस्बे फर्रुखनगर में गोवर्धन पूजा का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर सुबह से ही कस्बे के पंडित पन्ना लाल मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, नन्वा मल मंदिर, पंचायती मंदिर, गायत्री मंदिर, शिव मंदिर कटला, विश्रकर्मा मंदिर आदि प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी और मंदिरों को फूलों व रंग-बिरंगी रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। महिलाओं और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोवर्धन महाराज की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत कस्बे के कई मंदिरों में भगवान गिरिराज जी को विशेष अन्नकूट (कढ़ी, बाजरा, चावल और मिक्स सब्जी) का भोग लगाया गया। भोग लगने के बाद मंदिर समितियों और स्थानीय युवाओं के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों को अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया। पूरे कस्बे में दिनभर भक्तिमय माहौल और आपसी भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली। स्थानीय निवासियों अजय शर्मा, हेमंत शर्मा, पार्षद विनय यादव, हेमंत शर्मा, नरेन्द्र स्वामी, पूर्व बीजेपी मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, पार्षद नीलम सोनी, पूर्व पार्षद नीरू शर्मा, नीशु सैनी, रीशु सैनी, राव भीम सिहं फौजी, केशव, राहुल यादव, रमेश सैनी, देशराज सैनी आदि का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी गोवर्धन पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह रहा।

## पंडित ओमप्रकाश त्रिखा का पूरा जीवन गांधी विचारों और समाज सेवा को रहा समर्पित : हेमलता रावत

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार



**समालखा।** गांधी स्मारक निधि पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के स्वाध्याय आश्रम पट्टीकल्याणा में मंगलवार को पंडित ओमप्रकाश त्रिखा की पुण्यतिथि एवं माता लक्ष्मी देवी का स्मृति दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम परिसर में हवन-यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने समाधि स्थल और चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महान विभूतियों को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह आश्रम के कार्यकर्ताओं द्वारा परिसर में श्रमदान से की गई। इसके बाद सुबह 11:30 बजे हवन-यज्ञ के साथ श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ हुआ। गांधी स्मारक निधि की न्यासी श्रीमती हेमलता रावत ने पंडित ओमप्रकाश त्रिखा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन महात्मा गांधी के विचारों और रचनात्मक कार्यों को समर्पित कर दिया था। उन्होंने सरकारी नौकरियां छोड़कर गांधीवादी विचारधारा को अपनाया और समाज सेवा का मार्ग चुना। हेमलता रावत ने कहा कि पंडित ओमप्रकाश त्रिखा और माता लक्ष्मी देवी ने स्वतंत्रता संग्राम में कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दिया। दोनों ने आजादी के आंदोलन के दौरान कई बार जेल यात्राएं कीं और 26 वर्षों से अधिक समय तक स्वतंत्रता संग्राम के लिए समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि यह परिवार राजनीति से दूर रहकर समाज सेवा और गांधी विचारों के प्रसार के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। गांधी स्मारक निधि के सचिव आनंद कुमार शरण ने कहा कि पंडित ओमप्रकाश त्रिखा और माता लक्ष्मी देवी का पूरा जीवन समाज एवं सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित रहा। आज हरे-भरे आश्रम को देखकर कल्पना करना भी मुश्किल है कि कभी यहां रेत के टीले और झाड़ियां हुआ करती थीं। इस दंपत्ति के अथक परिश्रम और समर्पण ने इस स्थान को सेवा एवं रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाया। उन्होंने बताया कि आश्रम में वर्ष 1955 से खादी ग्रामोद्योग, प्राकृतिक खेती, नई तालीम और प्राकृतिक चिकित्सा जैसे कार्य निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्रिखा जी जैसे महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें विचार करना चाहिए कि हम आने वाली पीढ़ी को क्या देकर जाएंगे। समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए सेवा भाव से कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को पंडित ओमप्रकाश त्रिखा के जीवन और आश्रम में संचालित गतिविधियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का मंच संचालन अजय कुमार ने किया। अंत में सचिव आनंद कुमार शरण ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर त्रिखा परिवार से वी.के. जेतली सहित अन्य सदस्य, संजय पटेल, जय सिंह, गांधी स्मारक निधि के कार्यकर्ता, गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं स्टाफ तथा आसपास के गांवों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

# मतदाताओं को नाम जुड़वाने का एक और मौका, संबंधित बीएलओ के पास जमा करवाएं गणना प्रपत्र : डीसी

## दावे एवं आपत्तियों का निपटारा 20 नवंबर तक, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर 2026 को होगा

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता




**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत प्रारूप मतदाता सूची में नाम शामिल न हो पाने वाले पात्र मतदाताओं को एक और अवसर प्रदान किया है। अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि की श्रेणी में रखे गए तथा गणना प्रपत्र वापस प्राप्त न होने के कारण प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रह गए मतदाता अब दोबारा अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा करवा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने से वंचित न रहे। डॉ. आनंद कुमार शर्मा आज जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ एसआईआर कार्य की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित मतदाताओं के लिए शीघ्र गणना प्रपत्र छपवाकर बीएलओ को उपलब्ध करवाए जाएं तथा सभी बीएलओ को इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए। इसके साथ ही ग्राम स्तर पर मुनादी करवाने सहित विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियों का निपटारा 20 नवंबर 2026 तक किया जाएगा, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 30 नवंबर 2026 को होगा।मतदान केंद्रों के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर उपलब्ध होंगी सूचिय उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि एसआईआर के दौरान प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रहे मतदाताओं की मतदान केंद्रवार सूची संबंधित मतदान केंद्रों के नोटिस बोर्ड, पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों के कार्यालयों में दोबारा प्रदर्शित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, ये सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट पर पीडीएफ प्रारूप में भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। इनमें मतदाता का नाम प्रारूप सूची में शामिल न होने के संभावित कारणों का भी उल्लेख होगा। उन्होंने बताया कि संबंधित मतदाता अपने वर्तमान सामान्य निवास स्थान के क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) अथवा सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (एईआरओ) के पास विधिवत भरा हुआ गणना प्रपत्र जमा करवा सकते हैं।इसके अलावा पुराने मतदाता पहचान पत्र नंबर के माध्यम से निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा ईसीआईनेट ऐप से भी गणना प्रपत्र डाउनलोड कर उसे भरने की सुविधा उपलब्ध है। निवास स्थान नहीं बदलने वाले मतदाताओं के लिए यह है प्रक्रिया डीसी ने बताया कि यदि संबंधित मतदाता अपने पुराने निवास स्थान पर ही रह रहा है और पहले गणना प्रपत्र जमा नहीं करवा पाया था, तो वह भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र तथा निर्धारित घोषणा पत्र (अनुलग्नक-बी) जमा करवा सकता है। घोषणा पत्र में पहले गणना प्रपत्र जमा न कर पाने का कारण बताना होगा। यह प्रपत्र संबंधित ईआरओ, एईआरओ अथवा बीएलओ के पास स्वयं या परिवार के किसी सदस्य के माध्यम से जमा करवाया जा सकता है।

# विशेषज्ञों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य : डॉ. चौहान

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



**नीलोखेड़ी।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में आज 'राम-राम हरियाणा' ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर दांतों के विशेषज्ञ एवं पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय गुप्ता भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और दांतों की देखभाल एवं मौखिक स्वच्छता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. चौहान ने कहा कि 'राम-राम हरियाणा' ऑनलाइन कार्यक्रम एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को आमजन से जोड़कर उपयोगी जानकारियां साझा की जाती हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक ज्ञान, जागरूकता और सकारात्मक संदेश पहुंचाना है। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के विचार साझा किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में डॉ. संजय गुप्ता ने दांतों की उचित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को दिन में कम से कम दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले ब्रश अवश्य करना चाहिए। ब्रश करते समय जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए तथा दांतों के सभी हिस्सों और जीभ की भी अच्छी तरह सफाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल दांतों को मजबूत बनाने और कैविटी से बचाने में सहायक होता है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि दांतों को स्वस्थ रखने के लिए अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों, चॉकलेट, टॉफी और शुगर युक्त पेय पदार्थों का सेवन सीमित करना चाहिए। भोजन के बाद कुल्ला करने की आदत डालनी चाहिए तथा दांतों में किसी प्रकार की परेशानी, मसूड़ों से खून आना, दर्द या सूजन होने पर उसे नजरअंदाज करने की बजाय समय पर दंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने नियमित रूप से दांतों की जांच करवाने की सलाह देते हुए कहा कि सही समय पर की गई देखभाल से दांतों की कई समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में प्रीतम यादव, हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी से सहायक आचार्य सुशील मेहता, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद से गुरविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के स्वच्छ शहरों की सूची में पुनः शामिल हुआ करनाल

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



**करनाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में आने के लिए नगर निगम करनाल को एक बार फिर प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने जा रहा है। केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मामले मंत्रालय की ओर से इसकी घोषणा की गई है। दूसरी बार यह पुरस्कार पाने वाला नगर निगम करनाल हरियाणा प्रदेश में पहला नगर निगम बन गया है।स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह 11 नवंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें महामहिम द्रोपदी मुर्मू द्वारा यह पुरस्कार दिया जाएगा। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल शहर के लिए यह हर्ष का विषय है, कि अपने शहर को पुन: प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार हमारे सफाई मित्रों द्वारा किए गए बेहतर कार्यों तथा नागरिकों द्वारा दिए गए सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर की थी। इस अभियान का उद्देश्य पूरे देश को स्वच्छ और गंदगी मुक्त बनाना है। यह अभियान न सिर्फ सफाई को बढ़ावा देता है, बल्कि बीमारियों से बचाव और पर्यावरण को सुरक्षित करने में भी मदद करता है। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि महीनों के समर्पित प्रयासों, नवीन दृष्टिकोणों और सभी सम्बंधित हितधारकों की स्वच्छता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नगर निगम करनाल की सेनीटेशन विंग और हमारे सफाई मित्रों ने एक टीम के रूप में कार्य कर इस गौरव को हासिल किया है। स्वच्छता शाखा के अधिकारी व कर्मचारी अपने चौबीसों घंटों के प्रयासों और समर्थन के लिए वह विशेष प्रशंसा के पात्र हैं, जिन्होंने सभी पहलों के निर्बाध क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि इस सफलता के सच्चे नायक हमारे सफाई मित्र हैं, जिनका शहर को स्वच्छ बनाने के लिए असाधारण योगदान रहा। यह शहर को स्वच्छ रखने के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अथक परिश्रम करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों को भी बधाई देते हुए धन्यवाद किया है, जिन्होंने अपने शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम का सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि सतत शहरी विकास और नागरिक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ये सहयोगात्मक शासन की शक्ति को दर्शाते हैं, जहां नीति निर्माता, कार्यान्वयनकर्ता और नागरिक एक साझा उद्देश्य के लिए साथ आए।उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि का जश्न मनाने के साथ-साथ हमें इस सफलता को ओर आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेना चाहिए, ताकि हम नवाचार करते रहें, समुदायों को जोड़ते रहें और अपने शहर को स्वच्छता और स्थिरता के आदर्श बनाने के लिए लगातार काम करते रहें।

# विश्वकर्मा दिवस पर विधायक देवेंद्र कादियान ने 45 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

ओपन सर्च /मनदीप कुमार



**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला में मंगलवार को विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर वार्षिक पूजन महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान विधायक ने धर्मशाला में प्रस्तावित भवन निर्माण कार्य की नारियल फोड़कर नींव रखी और समाज के 45 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने विधायक के समक्ष शहर में भगवान श्री विश्वकर्मा के नाम पर चौक बनाने सहित अन्य मांगें रखीं। विधायक ने मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण और तकनीकी कौशल के प्रतीक हैं। उनका जीवन मेहनत, हुनर और रचनात्मकता के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीक का है। ऐसे में कारीगरों को पारंपरिक हुनर के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी ज्ञान भी हासिल करना होगा, ताकि वे बदलते समय के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने समाज की तरक्की के लिए बच्चों को शिक्षित करने पर जोर देते हुए कहा कि बेटे और बेटियों को समान रूप से शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाना जरूरी है। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जोगिंद्र धीमान, चंद्रभान जांगड़ा, मास्टर सुलेख, विनोद जांगड़ा, नरेश, श्रीराम, जगदीश पांचाल, कर्मबीर, हरनारायण सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

**घसौली में भी श्रद्धा और उत्साह से मनाया विश्वकर्मा दिवस**

गांव घसौली की बीसी चौपाल में भी भगवान श्री विश्वकर्मा दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। सरपंच महेश त्यागी और ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का समाज में अत्यंत आदरणीय स्थान है। उनके आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे और समाज निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है तथा हर वर्ग को साथ लेकर क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर सरपंच महेश त्यागी, सुरेश, कृष्ण दत्त, जयभगवान, राज प्रधान, पालेराम, नकली, आनंद, सुखबीर, श्रीभगवान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# 12 साल पुराने दुकान विवाद का हुआ निपटारा, कोर्ट के आदेश पर दुकान का ताला खुलवाकर अनिल रहेजा को दिलाया कब्जा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



**नीलोखेड़ी।** नीलोखेड़ी हल्के के कस्बा निगदू में पिछले करीब 12 वर्षों से चल रहे दुकान के कब्जे से जुड़े विवाद का आखिरकार कानूनी प्रक्रिया के तहत निपटारा हो गया। न्यायालय के आदेशों के बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तहसीलदार साहिल अरोड़ा की देखरेख में दुकान का ताला खुलवाकर अनिल रहेजा को दुकान का कब्जा सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त दुकान पर पिछले लगभग 12 वर्षों से एक व्यक्ति का कब्जा था। लंबे समय से चल रहे इस विवाद के बाद न्यायालय के आदेश पर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। मौके पर तहसीलदार साहिल अरोड़ा सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस मामले की एक खास बात यह भी सामने आई कि जिस व्यक्ति से किरायेदार ने यह दुकान ली थी, वह अब इस दुनिया में नहीं है। इसके बावजूद दुकान को लेकर विवाद लंबे समय तक चलता रहा और आखिरकार न्यायालय के आदेश के बाद अनिल रहेजा को दुकान का कब्जा मिल गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। करीब 12 वर्षों से चले आ रहे विवाद के कानूनी समाधान के बाद एक बार फिर यह संदेश सामने आया कि न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखना चाहिए।

# श्री विश्वकर्मा उत्सव धूमधाम से मनाया विधायक कबीरपंथी ने की मुख्य रूप से शिरकत

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



**तरावड़ी।** आज तरावड़ी स्थित नगरपालिका रोड पर विश्वकर्मा सभा द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री भगवानदास कबीरपंथी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। श्री विश्वकर्मा सभा द्वारा हल्का नीलोखेड़ी विधायक का किया गया मान सम्मान। कार्यक्रम में पहुँचकर विधायक श्री भगवानदास कबीरपंथी ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी के श्रीचरणों में श्रद्धापूर्वक शीश नवाया और संपूर्ण क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के उपरांत उन्होंने आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर विधायक जी ने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी संपूर्ण सृष्टि के प्रथम शिल्पकार एवं निर्माण के देवता हैं। उनकी कृपा हम सभी पर सदैव बनी रहे और हमारा क्षेत्र प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा सभा के पदाधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों ने विधायक महोदय का जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्राचीन श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में श्रद्धा के साथ हुई गोवर्धन पूजा, अन्नकूट भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

ओपन सर्च /मनदीप कुमार



**समालखा।** प्राचीन श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में गोवर्धन पूजा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। मंदिर प्रधान अनिल बेनीवाल के नेतृत्व में नगर परिषद वार्ड-10 के पार्षद मनीष बेनीवाल की मौजूदगी में आचार्य सुभाष शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं सहित युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान गोवर्धन की आराधना कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद विधिवत अन्नकूट का भंडारा लगाया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रधान अनिल बेनीवाल ने कहा कि गोवर्धन पूजा भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व प्रकृति, गौवंश और अन्न के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, श्रद्धा और सेवा की भावना मजबूत होती है। नगर परिषद वार्ड-10 के पार्षद मनीष बेनीवाल ने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम हैं। धार्मिक आयोजनों में सामूहिक भागीदारी से समाज में एकता और सद्भाव बढ़ता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जगदीश रमन, धनसिंह कुहाड़, सुनील मित्तल, सतबीर बेनीवाल, पार्षद संजय गोयल, सतीश राठी, पंडित अजय शुक्ला, अनीता बेनीवाल, उषा त्यागी, नीलम, प्यारी देवी, मीना देवी, घरभरी शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दयालु योजना के तहत मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायता: उपायुक्त

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मृतक व्यक्ति की आयु 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए। परिवार के द्वारा मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता की स्थिति में घटना की तिथि से तीन महीने के भीतर आवेदन करना होगा। आयु अनुसार बात करें तो छह से 12 वर्ष तक की आयु के लिए एक लाख रुपये, 12 से 18 वर्ष तक की आयु के लिए दो लाख रुपये, 18 से 25 वर्ष तक की आयु के लिए तीन लाख रुपये, 25 से 45 वर्ष तक की आयु के लिए 5 लाख रुपये तथा 45 से 60 वर्ष तक की आयु के लिए 3 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जाती है।

**ऐसे करें आवेदन**

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति को http://www.dapsy.finhry.gov.in/ वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके बाद पीपीपी आईडी नंबर दर्ज करें और गेट ओटीपी पर क्लिक करें। ओटीपी दर्ज करने के बाद उसे सबमिट करें। इसके बाद परिवार के सदस्यों को प्रदर्शित किया जाएगा, फिर लाभार्थी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण भरने के बाद फार्म जमा कर सकते हैं। एजेंटों से सावधान रहें और धोखाधड़ी से बचें उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने आमजन से आह्वान किया कि ऐसी स्थिति में पात्र व्यक्ति दयालु योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करें। एजेंटों से सावधान रहें और धोखाधड़ी से बचें। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-2996024 तथा ईमेल dayaluhelpline@gmail.com पर संपर्क कर सकता है।

# महापौर ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना, सर्वसमाज के लिए सुख-समृद्धि की कामना

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, श्रम और तकनीकी कौशल के प्रतीक हैं। उनका जीवन एवं आदर्श परिश्रम, समर्पण और रचनात्मकता के माध्यम से समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए अपने कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए। महापौर रेणु बाला गुप्ता मंगलवार को सेक्टर-3 में भगवान श्री विश्वकर्मा दिवस के पावन अवसर पर समाजसेवी प्रमोद अरोड़ा की ओर से आयोजित पूजा-अर्चना, हवन एवं भंडारे के कार्यक्रम में श्रद्धापूर्वक शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन में भाग लेकर भगवान श्री विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा सर्वसमाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में भगवान श्री विश्वकर्मा का विशेष आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व है। वे निर्माण कला, शिल्पकला और तकनीकी दक्षता के अधिष्ठाता माने जाते हैं। उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का वास्तविक भाव यही है कि हम श्रम का सम्मान करें और अपने हुनर एवं कार्यकुशलता से समाज के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता की भावना को भी मजबूत करते हैं। महापौर ने कार्यक्रम के आयोजक प्रमोद अरोड़ा एवं सभी आयोजकों को धार्मिक आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा की कृपा सभी पर बनी रहे और प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति का संचार हो। उन्होंने सभी को भगवान श्री विश्वकर्मा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में पूर्व चेयरपर्सन मेघा भंडारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा-अर्चना और हवन के पश्चात श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# कल्याण ने किया चिल्ड्रन पार्क का दौरा

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा में चिल्ड्रन पार्क का दौरा किया और वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। श्री कल्याण विश्वकर्मा जयंति कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद सीधे चिल्ड्रन पार्क पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों व अभियंताओं से लाइब्रेरी व पार्क में अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पार्क की दीवार पर प्रेरणादायक स्लोगन/चित्र बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्क को सिर्फ हरा-भरा नहीं बल्कि सुंदर, शिक्षाप्रद और आकर्षक बनाना भी जरूरी है। सुंदर फूल व पौधे बच्चों को प्रकृति से भी जोड़ते हैं। उल्लेखनीय है कि कस्बे में करीब सवा दो करोड़ की लागत से चिल्ड्रन पार्क विकसित किया जा रहा है। पार्क में योगा हॉल के ऊपर लाइब्रेरी बनाई गई है। इसका कार्य 3 महीने में पूरा होने की उम्मीद है। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन हैप्पीलक गुप्ता, सचिव रवि प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्रांतिकारी राव मंगलीराम के जीवन से प्रेरणा ले जेनजी-उल्फा : कांग्रेस नेता राजीव यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने मंगलवार को गांव बालूदा में आयोजित किए गए शहीदों को नमन कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा और क्रांतकारी स्वतंत्रता सेनानी राव मंगलीराम के शहादतदिवस पर उनकी शहादत को शत-शत नमन करते हुए कहा कि जेनजी-उल्फा को ऐसे क्रांतिकारी विचारों वाले राव मंगलीराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होने मां भारती को अंग्रेजी हुकूमत की बेडिय़ों से मुक्त कराने के लिए संघर्ष करते हुए जेल की यातनाएं झेली और तिरंगा फहराया। युवा कांग्रेस नेता राजीव यादव बालूदा ने बताया कि क्रांतिकारी मंगलीराम यादव ने पंडित श्रीराम शर्मा और लाला हरि सिंह जैन के साथ मिलकर भारतीय तिरंगा को फहराने और स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के सघर्ष व बलिदान की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। इससे पूर्व मौजूद लोगों ने आयोजन स्थल पर ही श्री विश्वकर्मा और गौवर्धन पूजा कर सभी की उन्नति-खुशहाली के लिए प्रभु से मंगलकामनाएं की।

## गौवर्धन पूजा हमारे मुख्य त्यौहारों में से एक : शिक्षाविद नरेन्द्र यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद के वार्ड-सात के तहत लगने वाले गांव लाखुवास स्थित एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव का कहना है कि गौवर्धन पूजा हमारे मुख्य त्योहारों में से एक है। उन्होने गौवर्धन पूजा के त्यौहार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को नष्ट करने के लिए गौवर्धन पर्वत को उठाकर गोपजनों की रक्षा की। इस लीला से हमें जरूरतमंदों की रक्षा का संदेश प्राप्त होता है। हमें अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार सेवा अवश्य करनी चाहिए। विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू जांगिड ने बताया कि विद्यालय परिसर में आज श्री गौवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में शिक्षाप्रेमी श्रीमती सुनीता यादव के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में गौवर्धन पूजा से पूर्व उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव ने कहा कि त्योहार ना केवल हमें एक सूत्र में बांधने का काम करता है बल्कि हम सभी को अपनी सनातन संस्कृति और उसके महत्व से अवगत कराता है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी त्यौहारों को मिल-जुलकर आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द के साथ मनाए।

## 13 एकड़ में बनेगा 150 सीटों युक्त मेडिकल कॉलेज : समाजसेवी सतेन्द्र गर्ग बंटी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े सतेन्द्र गर्ग बंटी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के रघुबीरनगर स्थित गुरू गोविंद सिंह सरकारी अस्पताल का दर्जा बढ़ाकर वहां 13 एकड़ भूमि में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने के सरकार के लिए गए निर्णय का स्वागत किया है और इसे जनहित में लिया गया भाजपा सरकार का दूरदर्शी निर्णय बताया हे। उन्होने बताया कि इस नए मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 150 सीटों के साथ-साथ 40 सीटें पीजी की भी होगी और इसके साथ-साथ यह मेडिकल कॉलेज 1322 बैड वाले व्यापक स्वास्थ्य परिसर का अहम हिस्सा होगा। जिससे इस क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा, विशेष उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े सतेन्द्र गर्ग बंटी ने बताया कि इस स्वास्थ्य परिसर में 472 बिस्तरों वाला मातृ व शिशु अस्पताल और 850 बिस्तरों वाला जनरल अस्पताल बनने से शिशु से लेकर मातृशक्ति को भी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी।

## भौंड़सी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में होगा शोधित पानी का उपयोग : भाजपा नेता जगदीश अंबावता



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर ने बताया कि गांव बहरामपुर स्थित एसटीपी के 27 एमएलडी शोधित पानी को दोबारा उपयोग में लाने के लिए पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार कर इस शोधित पानी का इस्तेमाल सोहना के गांव भौंड़सी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र और गांव गैरतपुरबास-टीकली क्षेत्र में हरियाली विकसित करने व बागवानी कार्यों और तालाबों को भरने में किया जाएगा। भाजपा नेता चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर ने बताया कि ऐसा किए जाने पर उपरोक्त स्थानों पर गैर पेयजल जरूरतों के लिए ताजे पानी पर निर्भरता कम होगी। वही शोधित पानी के उपयोग से इन क्षेत्रों में हरित क्षेत्र बढ़ाने और जलाशयों के पुर्नजीवन में भी मदद मिलेगी। उन्होने बताया कि योजना को सिरे चढ़ाने के लिए जीएमडीए ने गांव बहरामपुर एसटीपी से गांव गैरतपुरबास तक पाइपलाइन बिछाने के चल रहे कार्य को पूरा कर लिया है ताकि इस पाइपलाइन के माध्यम से गांव गैरतपुरबास के साथ-साथ आसपास गांवों में बने 11 तालाबों को शोधित पानी से भरा जा सके और हरियाली को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। उन्होने आम जनमानस को भी पानी बचाने के लिए जागरूक बनने और दूसरे लोगों को भी जागरूक बनाने का आग्रह किया है।

## अग्निवीरों को सेवा विस्तार से 2,227 युवाओं को मिलेगा फायदा : भाजपा नेता नरेन्द्र अधाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि भाजपा राज में अग्निवीरों के अच्छे दिन आ गए है। खुशी की बात यह है कि अग्निवीरों को 2 वर्ष का और सेवा विस्तार करने से राज्य में 2 हजार 227 अग्निवीर युवाओं को इसका फायदा मिलेगा। खुशी की बात यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी सभी पूर्व अग्निवीरों को राज्य में आते ही सरकारी नौकरी के लिए ज्वाइनिंग लैटर देने की योजना बनाई है। इसके तहत ग्रुप-बी में एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है और लिखित परीक्षा भी जारी रखी गई है। भाजपा में जिलाप्रवक्ता नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि हालाकि ग्रुप-सी की नौकरियों में 5 प्रतिशत और इसी श्रेणी की पुलिस कांस्टेबल, वनरक्षक, जेल वार्डन, माइनिंग गार्ड, वाइल्ड लाइफ गार्ड और फायर ऑपरेटर कम सह ड्राईवर जैसे चिन्हित विभागों में रिकार्ड 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। खुशी की बात यह है कि ग्रुप-सी की सीधी भर्ती में लिखित परीक्षा, शारीरिक महापरीक्षण और शारीरिक जांच परीक्षण से भी छूट दी गई है।

## सोहना अनाजमंडी स्थित प्राचीन हनुमानबगीची में भंडारा आयोजित

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर अनाजमंडी स्थित प्राचीन श्री हनुमानबगीची प्रांगण में मंगलवार को श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति के सौजन्य से गौवर्धन के त्यौहार पर अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति के प्रधान सेठ विजय अग्रवाल, बुजुर्ग समाजसेवी मास्टर अमीचंद गर्ग, युवा समाजसेवी दीपक गर्ग होंडा, विकास सिंगला विक्की, मनोज ग्रोवर, दिनेश सिंगला, मनोज जिंदल, बबलू गोदारा, अंशुल सिंगला, ओमबीर शर्मा, शिरोमणि जैन, प्रभाकर, तरूण गर्ग, मनोज गोयल, सेवक कमल गुप्ता आदि ने अपने साथियों समेत श्रद्धालुओं को पक्तिबद्ध बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया। भंडारे में श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति के तमाम सदस्यों व पदाधिकारियों के साथ-साथ समिति सदस्यों के परिजनों,स्वयंसेवकों तथा आमंत्रितजनों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लेते हुए हाथ बंटाया।

# सोहना गौशाला में हुआ सामूहिक गौवर्धन पूजन-सर्वजातीय समाज ने गौवर्धन के साथ-साथ गायों की पूजा की

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** सोहना के गांव सांपकीनंगली स्थित श्री सत्य सनातन गौशाला में मंगलवार को गौवर्धन पूजा का आयोजन हुआ। गौशाला में गाय के गोबर से निर्मित गौवर्धन महाराज की आकृति बनाई गई। जिस पर मौजूद ब्राहाणों रमेश शास्त्री, दिनेश कुमार शास्त्री, मुकेश शर्मा, हेमंत भोला ने विधि-विधान से श्री गौवर्धन महाराज की पूजा कराई। इसमें छत्तीस बिरादरी के लोगों ने सपरिवार बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। भोग अर्पण करने के बाद श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर गौवर्धन महाराज की परिक्रमा लगाई तथा खुशहाली, समृद्धि, शांति और प्रगति की कामना की। श्री गौवर्धन महाराज को भोग अर्पण करने के दौरान काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही। इससे पूर्व मौजूद लोगों ने गौशाला में पल रही गायों की पूजा की और उन्हे हरा चारा व गुड़ खिलाया। लोग गौवर्धन महाराज के जयकारे लगाते रहे। पंडित रमेश शास्त्री, दिनेश कुमार शास्त्री, पंडित हेमंत भोला, मुकेश शर्मा, देवदत्त शर्मा, कपिल शर्मा ने लोगों को गौवर्धन पूजा की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने बृजवासियों से इंद्र देवता की पूजा बंद करके खुशहाली एवं समृद्धि देने वाले गौवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना करने का संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण की कार्रवाई से खिन्न होकर राजा इंद्र ने वर्षा का कहर बरपाया। भगवान श्रीकृष्ण ने गौवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ उंगली पर धारण किया और बृजवासियों की रक्षा की। तभी से गौवर्धन पूजा आरंभ हुई। बृज क्षेत्र से दूर के लोग गाय के गोबर से गौवर्धन का प्रतीक बनाकर पूजा करने लगे, जो आज भी पूरे देश में की जाती है। इस मौके पर परम गौभक्त राम सिंह यादव, सतबीर यादव, पुलिस निरीक्षक विजय सिंह सोनी, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, सोहना गौरक्षादल के संयोजक अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, नगरपार्षद श्रीमती वेदकला शर्मा, मास्टर जयबीर शास्त्री, नंबरदार भबीचंद, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश गुप्ता व मौजूद गौभक्तों ने कहा कि सामूहिक उत्सवों के आयोजन से भावी पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं विरासत को जानने का अवसर मिलता है। ऐसे उत्सव प्रति वर्ष लगातार आयोजित किए जाने चाहिए। प्रसाद वितरण के बाद उत्सव का समापन किया गया। उत्सव में गौशाला प्रबंधन समिति देखरेख के प्रधान भरत सिंह सोहनाढाणी, नंबरदार भबीचंद, राव धर्म सिंह रायसीनिया, लायंसक्लब के रीजन चेयरमैन रहे लायन रवि मदान, कृष्ण सैनी, रामकला यादव, नेपाल सिंह भामला, निशांत यादव, रोहताश घोडारोप, सुनील यादव, राम सिंह भामला, रामपाल सिंह, भगवत शर्मा, धर्मबीर घोडारोप, चंचल शर्मा एडवोकेट आदि प्रमुखजनों समेत सोहना शहर, सांपकी नंगली और आसपास लगते गांवों से आए गौभक्तों और सामाजिक संस्था सोहना जागृति मंच, लायंसक्लब, कई पूर्व व मौजूदा नगरपार्षदों और विभिन्न गांवों से आए नंबरदारों, पूर्व पंच-सरपंचों ने सपरिवार बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और गाय के दूध से बनाई गई खीर व अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया।

## मिशन बुनियाद और सुपर-100 में पंजीकरण शुरू : भाजपा नेता मामराज डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने बताया कि मिशन बुनियाद और सुपर-100 में कक्षा 8वीं व 10वीं के विद्यार्थियों के लिए अपनी शैक्षणिक क्षमता को पहचानने और आगे बढऩे के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतू पंजीकरण शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि मिशन बुनियाद में कक्षा 8वीं के विद्यार्थी 12 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है तो सुपर-100 में कक्षा 10वीं के विद्यार्थी 5 दिसम्बर तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। भाजपा नेता व शिक्षाविद चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने बताया कि इन दोनों योजनाओं की प्रवेश परीक्षाएं दिसम्बर महीने में आयोजित होगी। मिशन बुनियाद की लेवल वन परीक्षा 23 दिसम्बर को और सुपर-100 की लेवल वन परीक्षा 16 दिसम्बर को आयोजित होगी। उन्होने बताया कि मिशन बुनियाद के तहत चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी। लेवल वन परीक्षा का परिणाम 12 जनवरी, 2027 को जारी होगा और दूसरे चरण में लेवन टू की बुनियाद परीक्षा 22 जनवरी को होगी जबकि 5 फरवरी से 5 मार्च तक ओरिएंटेशन और लेवल थ्री की प्रक्रिया चलेगी। इस परीक्षा का अंतिम परिणाम 16 मार्च को आएगा। भाजपा नेता व शिक्षाविद चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने बताया कि इसी तरह सुपर-100 के लिए लेवल वन परीक्षा परिणाम 8 जनवरी को जारी होगा। तीन फरवरी को लेवल टू की परीक्षा होगी। जिसका परिणाम 16 फरवरी को जारी होगा और अप्रैल महीने में ओरिएंटेशन और लेवल थ्री की प्रक्रिया चलेगी। इस परीक्षा का अंतिम परिणाम मई के पहले सप्ताह में जारी होगा। उन्होने बताया कि दोनों योजनाओं के लेवल वन की परीक्षा में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

## हवन-यज्ञ के बाद की गई मशीनों और औजारों की पूजा

### विट इंजीनियरिंग कॉलेज में विश्वकर्मा-डे पर हुआ कार्यक्रम : शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** सोहना में पलवल रोड पर गांव भिरावटी के पास स्थित वल्र्ड इंस्टीटयूट ऑफ टैक्नोलोजी (विट)प्रांगण में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस पर हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ और भगवान विश्वकर्मा की विधिवत रूप में पूजा अर्चना के साथ-साथ तकनीकी औजारों व तकनीकी उपकरणों की पूजा की गई। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन तथा महासचिव अभिमन्यु बोकन ने इस दिन की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राचीनकाल में समुंद्र मंथन के बाद भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति एक दैविक शक्ति के रूप में हुई थी। ऐसा भी माना जाता है कि द्वारिका जहां पर भगवान श्री कृष्ण ने राज किया था, उस द्वारिका नगरी का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा जी के हाथों हुआ था। शायद यही कारण है कि ऋग्वेद में इनको दैविक बढ़ई भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दिवस को भारत के कर्नाटक, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और त्रिपुरा आदि प्रदेशों में एक त्यौहार के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। आज आधुनिक युग में इस त्यौहार को मशीनों और कारखानों से जोड़ा गया है। आज के दिन सभी मिस्त्री और श्रमिक भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना करते है कि वह उनके औजारों, मशीनों और उन पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे ताकि उनके माध्यम से हम और हमारा परिवार उन्नति कर सके। इस मौके पर मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए विट कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने भगवान विश्वकर्मा को मशीनों और औजारों का जनक बताते हुए कहा कि उनकी पूजा प्राचीनकाल से चली आ रही है। आज आधुनिक युग में इस त्यौहार के माध्यम से इस दिन के महत्व को भलीभांति समझा जा सकता है। उन्होंने मौजूद लोगों को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी और मशीनों, औजारों की पूजा अर्चना के बाद सभी को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई।

# भगवान विश्वकर्मा के हाथों हुआ द्वारिका नगरी का निर्माण : रोहित गर्ग

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** सोहना शहर में बाईपास चौक के समीप और खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के सामने भगवती पैकर्स संस्थान परिसर में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस पर हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। इस मौके पर तकनीकी औजारों व तकनीकी उपकरणों की पूजा की गई। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने इस दिन की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राचीनकाल में समुंद्र मंथन के बाद भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति एक दैविक शक्ति के रूप में हुई थी। ऐसा भी माना जाता है कि द्वारिका जहां पर भगवान श्रीकृष्ण ने राज किया था, उस द्वारिका नगरी का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा जी के हाथों हुआ था। शायद यही कारण है कि ऋग्वेद में इनको दैविक बढ़ई भी कहा जाता है। उन्होने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दिवस को भारत के कर्नाटक, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और त्रिपुरा आदि प्रदेशों में एक त्यौहार के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। आज आधुनिक युग में इस त्यौहार को मशीनों और कारखानों से जोड़ा गया है। आज के दिन सभी मिस्त्री और श्रमिक भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना करते है कि वह उनके औजारों, मशीनों और उन पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे ताकि उनके माध्यम से हम और हमारा परिवार उन्नति कर सके। उन्होने भगवान विश्वकर्मा को मशीनों और औजारों का जनक बताते हुए कहा कि उनकी पूजा प्राचीनकाल से चली आ रही है। आज आधुनिक युग में मशीनों और औजारों का पूजना और ज्यादा अनिवार्य है क्योंकि औजारों के माध्यम से इस दिन के महत्व को भलीभांति समझा जा सकता है। उन्होने मौजूद लोगों को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी और मशीनों-औजारों की पूजा अर्चना के बाद सभी को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई।

## भारतीय वायुसेना व नौसेना की प्रदर्शनी रहेगी आकर्षण का विशेष केन्द्र : मनोज बजरंगी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** सोहना में व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि धर्मनगरी कुरूक्षेत्र के ब्रहमसरोवर के पुरूषोत्तमपुरा बाग में 5 दिसम्बर से शुरू होने वाले गीता महोत्सव में पहली बार जहां नौसेना और वायुसेना की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, वही दूसरी ओर 2 राज्य दिल्ली और पश्चिमबंगाल पहली बार स्टेट पार्टनर बने है। उन्होने बताया कि गीता महोत्सव में पहली बार नौसेना और वायुसेना की लगने वाली प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का विशेष केन्द्र होगी, वही विकसित भारत की प्रदर्शनी को भी इन प्रदर्शनी के जरिए श्रद्धालु व पर्यटक बहुत ही नजदीक से देख सकेंगे। साथ ही इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और भव्य व विविध बनाया जाएगा। उन्होने बताया कि ब्रहमसरोवर के पुरूषोत्तमपुरा बाग में लगने वाले मुख्य मंच के साथ-साथ इस बार ज्योतिसर में भी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन होगा। हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सांग महोत्सव भी आयोजित होगा। स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि इस बार इस महोत्सव में मारीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोकुल मुख्यातिथि रूप में शामिल होंगे। खुशी की बात यह है कि महोत्सव शुरू होने में मात्र 23 दिन बाकी रहे है। 21 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में 14 से 20 दिसम्बर तक 7 दिन के लिए मुख्य अहम प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन विशेष रूप से किया जाएगा और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजन को लेकर चल रही तैयारियां देखते ही बनती है।

## डीवीएम स्कूल में विश्वकर्मा-डे पर हुआ कार्यक्रम-हवन-यज्ञ के बाद की गई मशीनों और औजारों की पूजा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** सोहना में दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस पर हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। इस मौके पर तकनीकी औजारों व तकनीकी उपकरणों की पूजा की गई। विद्यालय निर्देशक व पर्यावरणप्रेमी हर्षित शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक ने इस दिन की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राचीनकाल में समुंद्र मंथन के बाद भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति एक दैविक शक्ति के रूप में हुई थी। ऐसा भी माना जाता है कि द्वारिका जहां पर भगवान श्रीकृष्ण ने राज किया था, उस द्वारिका नगरी का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा जी के हाथों हुआ था। शायद यही कारण है कि ऋग्वेद में इनको दैविक बढ़ई भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दिवस को भारत के कर्नाटक, असम, पश्चिमबंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और त्रिपुरा आदि प्रदेशों में एक त्यौहार के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। आज आधुनिक युग में इस त्यौहार को मशीनों और कारखानों से जोड़ा गया है। आज के दिन सभी मिस्त्री और श्रमिक भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना करते है कि वह उनके औजारों, मशीनों और उन पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे ताकि उनके माध्यम से हम और हमारा परिवार उन्नति कर सके। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक ने भगवान विश्वकर्मा को मशीनों और औजारों का जनक बताते हुए कहा कि उनकी पूजा प्राचीनकाल से चली आ रही है। आज आधुनिक युग में मशीनों और औजारों का पूजना और ज्यादा अनिवार्य है क्योंकि औजारों के माध्यम से इस दिन के महत्व को भलीभांति समझा जा सकता है। उन्होंने मौजूद लोगों को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी और मशीनों, औजारों की पूजा अर्चना के बाद सभी को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों संग दीवाली मना बढ़ाया हौसला : भाजपा नेता राकेश जैन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि इस बार तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने जहां सीमाओं और अग्रिम मोर्चों पर तैनात भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों के बीच पहुंच कर उनके साथ दीपावली मनाई तो वही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ के साथ सिक्किम के शेराथांग में भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों के बीच दीवाली मनाई और मिठाई खाते-खिलाते हुए अपनी खुशियों को जवानों के साथ मिलकर सांझा किया। साथ ही उन्होने सैनिकों के देश के प्रति अटूट समर्पण को जमकर सराहा और शेराथांग युद्ध स्मारक पर आकर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेता व शिक्षाविद राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि जिस प्रकार दीपक अंधकार को दूर करता है, उसी प्रकार सैनिक भी प्रशंसा की अपेक्षा किए बिना देश की सुरक्षा में बखूबी अपना कर्तव्य निभा रहे है और त्यौहार पर अपने परिवार से दूर रहकर देश की समुंद्री सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे है। उन्होने इस बात पर भी खुशी जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सुरक्षाबलों के साथ दीवाली मनाने वाली अपनी परम्परा को जारी रखते हुए इस बार दीवाली का त्यौहार बस्तर में नक्सल विरोधी अभियानों में तैनात सुरक्षाकर्मियों के साथ मनाते हुए कई उत्सवों में हिस्सा लिया और नक्सल प्रभावित क्षेत्र को नक्सल मुक्त किए जाने पर जवानों की वीरता व जाबांजी की सराहना करते हुए शिविर के स्मारक स्थल पर जाकर सीआरपीएफ के बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेता व शिक्षाविद राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों के साथ दीवाली मनाने की शुरूआत प्रधानमंत्री ने वर्ष-2014 में लददाख राज्य के सियाचिन से की थी। वर्ष-2015 में वह पंजाब के डोगराई में जवानों के साथ दीवाली मनाते नजर आए तो वर्ष-2016 में हिमाचलप्रदेश के किन्नोर के सुमधो में और वर्ष-2017 में जम्मू कश्मीर के गुरेज घाटी में, वर्ष-2018 में उत्तराखंड की हर्षिल घाटी में तो वर्ष-2019 में जम्मू कश्मीर के राजौरी में सशस्त्र बलों के साथ दीवाली मनाते दिखाई पड़े। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष-2020 में राजस्थान के लोंगेवाला में तो वर्ष-2021 में जम्मू कश्मीर के नौसेरा में तो वर्ष-2022 में लददाख के कारगिल में, वर्ष-2023 में हिमाचल के लेपचा में और वर्ष-2024 में गुजरात के कच्छ में तथा वर्ष-2025 में गोवा के आईएनएस विक्रांत शक्तिपोत पर और चालू वर्ष-2026 में नक्सलवादियों के गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के बस्तर में जवानों के साथ दीवाली मनाकर भारतीय सशस्त्र बलों का हौसला बढ़ाने का जो कार्य किया है।

## सनातन धर्म राममंदिर में गौवर्धन पूजा कर अन्नकूट किया गया वितरित : हरीश नंदा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना शहर के वार्ड-17 स्थित श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रांगण में मंगलवार को श्री गौवर्धन पूजा उपरांत पूरा दिन अन्नकूट का प्रसाद वितरण करने के लिए भंडारा चलाया गया। इस मौके पर लोगों को पूरी श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के संरक्षक और पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, जाने-माने समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा, बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा, बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा, विपिन मल्होत्रा, रवि मदान, सामाजिक संस्था सोहना लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा, पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, चंद्रभान रतड़ा, उमेश जुनेजा कोकी, सुरेन्द्र गेरा, यशपाल वर्मानी, उमेश वर्मानी, तिलकराज डूडेजा, कृष्ण गेरा, समीर राजपाल, कमल खटटर, युवा समाजसेवी मयंक नंदा व आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बताया कि मंदिर में पूजा व दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम व धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। तत्पश्चात श्री गौवर्धन पूजा उपरांत अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया। उपरोक्त लोगों ने बताया कि श्री सनातन धर्म राममंदिर प्रांगण में दीपावली के त्यौहार के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मी-गणेश पूजा एवं दीपोत्सव आयोजन को लेकर शहर और क्षेत्र में रहने वाले श्रीगणेश-लक्ष्मी भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## गीता महोत्सव में पहली बार नजर आएगी नौसेना-वायुसेना की प्रदर्शनी : शिक्षाविद पंडित अनिल कौशिक



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी में रहने वाले लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन और भारतीय सेना के नायक रहे पंडित अनिल कौशिक ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। खुशी की बात यह है कि महोत्सव शुरू होने में मात्र 23 दिन बाकी रहे है। उन्होने बताया कि बीते वर्ष के मुकाबले इस बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। अच्छी बात यह है कि धर्मभूमि कुरूक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां पहली बार नौसेना और वायुसेना की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, वही दूसरी ओर 2 राज्य दिल्ली और पश्चिमबंगाल पहली बार स्टेट पार्टनर बने है। उन्होने बताया कि इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और भव्य व विविध बनाया जाएगा। लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन और भारतीय सेना के नायक रहे पंडित अनिल कौशिक ने बताया कि ब्रहमसरोवर के पुरूषोत्तमपुरा बाग में लगने वाले मुख्य मंच के साथ-साथ इस बार ज्योतिसर में भी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन होगा। हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सांग महोत्सव भी आयोजित होगा। उन्होने बताया कि इस बार इस महोत्सव में मारीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोकुल मुख्यातिथि रूप में शामिल होंगे और 5 दिसम्बर से शुरू होने वाला गीता महोत्सव 25 दिसम्बर तक चलेगा। 21 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में 14 से 20 दिसम्बर तक 7 दिन के लिए मुख्य अहम प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन विशेष रूप से किया जाएगा और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजन को लेकर चल रही तैयारियां देखते ही बनती है।

## पांच से शुरू होगा 21 दिवसीय गीता महोत्सव : भाजपा नेता हरीश नंदा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के संरक्षक व भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष हरीश नंदा राजू ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि 5 दिसम्बर से शुरू होने वाला गीता महोत्सव 25 दिसम्बर तक चलेगा। 21 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में 14 से 20 दिसम्बर तक 7 दिन के लिए मुख्य अहम प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन विशेष रूप से किया जाएगा और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजन को लेकर चल रही तैयारियां देखते ही बनती है। उन्होने बताया कि इस बार इस महोत्सव में मारीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोकुल मुख्यातिथि रूप में शामिल होंगे। खुशी की बात यह है कि महोत्सव शुरू होने में मात्र 23 दिन बाकी रहे है। भाजपा नेता व सनातन प्रेमी हरीश नंदा राजू ने बताया कि बीते वर्ष के मुकाबले इस बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। अच्छी बात यह है कि धर्मभूमि कुरूक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां पहली बार नौसेना और वायुसेना की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, वही दूसरी ओर 2 राज्य दिल्ली और पश्चिमबंगाल पहली बार स्टेट पार्टनर बने है। उन्होने बताया कि इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और भव्य व विविध बनाया जाएगा। उन्होने बताया कि ब्रहमसरोवर के पुरूषोत्तमपुरा बाग में लगने वाले मुख्य मंच के साथ-साथ इस बार ज्योतिसर में भी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन होगा। हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सांग महोत्सव भी आयोजित होगा।

## गीता महोत्सव में मारीशस के राष्ट्रपति होंगे मुख्यातिथि : अनिल गोयल मोंटू



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने बताया कि धर्मनगरी कुरूक्षेत्र में इस बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारम्भ 5 दिसम्बर से होगा और 21 दिवसीय यह महोत्सव 25 दिसम्बर तक चलेगा। उन्होने बताया कि इस बार इस महोत्सव में मारीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोकुल मुख्यातिथि रूप में शामिल होंगे। खुशी की बात यह है कि महोत्सव शुरू होने में मात्र 23 दिन बाकी रहे है। 21 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में 14 से 20 दिसम्बर तक 7 दिन के लिए मुख्य अहम प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन विशेष रूप से किया जाएगा और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजन को लेकर चल रही तैयारियां देखते ही बनती है। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने बताया कि अच्छी बात यह है कि धर्मभूमि कुरूक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां पहली बार नौसेना और वायुसेना की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, वही दूसरी ओर 2 राज्य दिल्ली और पश्चिमबंगाल पहली बार स्टेट पार्टनर बने है। उन्होने बताया कि इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और भव्य व विविध बनाया जाएगा। उन्होने बताया कि ब्रहमसरोवर के पुरूषोत्तमपुरा बाग में लगने वाले मुख्य मंच के साथ-साथ इस बार ज्योतिसर में भी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## सोहना में दादा परमानंद वैष्णो माता साईबाबा मंदिर में गौवर्धन पर पूरा दिन चला भंडारा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना शहर के वार्ड-6 स्थित एक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के समीप दादा परमानंद वैष्णो माता साईबाबा मंदिर प्रांगण में मंगलवार को श्री गौवर्धन पूजा उपरांत पूरा दिन अन्नकूट का प्रसाद वितरण करने के लिए भंडारा चलाया गया। इस मौके पर लोगों को पूरी श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी नवीन सैनी ने बताया कि मंदिर में पूजा व दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम व धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। तत्पश्चात श्री गौवर्धन पूजा उपरांत अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया। समाजसेवी नवीन सैनी ने बताया कि दादा परमानंद वैष्णो माता साईबाबा मंदिर प्रांगण में दीपावली के त्यौहार के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मी-गणेश पूजा एवं दीपोत्सव आयोजन को लेकर शहर और क्षेत्र में रहने वाले श्रीगणेश-लक्ष्मी भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# शिवनगरी सोहना में गौवर्धन के त्यौहार पर जगह-जगह लगा जाम-लोग हो रहे परेशान

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता





**सोहना।** शिवनगरी सोहना में गौवर्धन पूजा के त्यौहार वाले दिन मंगलवार को शहर में आवाजाही वाले सभी सडक़ मार्गों और बाजारों के साथ-साथ नेशनल हाईवे और ऐलिवेटेड़ रोड़ पर भी जाम लगने से महिलाएं और लोग खासे परेशान रहे। लोगों का कहना रहा कि आज गौवर्धन का त्यौहार होने के बावजूद सोहना में चहु ओर जबरदस्त जाम लगा हुआ है। शहर में दमदमा चौक से लेकर एल्डिको सोसायटी तक और दमदमा चौक से लेकर जीएलएस सोसायटी, सोहनाघाटी, शहर में बाईपास चौक से पलवल रोड़, गुडगांव रोड़, बल्लबगढ़ रोड़, झिरकाफिरोजपुर रोड़ समेत सभी सडक़ मार्गों पर जाम लगा होने से लोग परेशान नजर आ रहे है। जाहिर है कि यहां पर यातायात पुलिस के साथ-साथ स्थानीय नगरपरिषद प्रशासन की बरती जा रही लापरवाही और निष्क्रियता के चलते यहां के बाजारों में चंहु ओर बेवजह जाम का नजारा देखने को मिल रहा है। हालात यह है कि शहर पुलिस थाने से शहर के प्रत्येक प्रमुख बाजार वाले रास्तों में दिन के वक्त जबरदस्त भीड़भाड़ होने के बावजूद दोपहिया व चार पहिया वाहनों की आवाजाही लोगों को अखर रही है। देखने में आ रहा है कि यहां पर बाजारों में सडक़ों पर दुकानों के आगे 5 से 8 फुट जगह-जगह पर किया गया अतिक्रमण भी जाम को बढ़ाने में सहायक साबित हो रहा है। मालूम हो कि यहां के बाजार मार्किटों में सामान खरीदने आने वाले लोग बाजार में भीड़ होने के बावजूद अपने वाहनों को बाजार के भीतर सडक़ किनारे अथवा सडक़ पर आड़े-तिरछे खड़ा कर देते है। जिस कारण सुचारू यातायात में बाधा पडऩे पर जाम लग जाता है। सडक़ किनारे व सडक़ के ऊपर वाहनों के खड़े होने से आवाजाही वाले वाहन बीच सडक़ में अटक कर खड़े हो जाते है और कई-कई घंटों जाम खुलने का इंतजार करते रहते है। सैनी सभा के उपाध्यक्ष व पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, गांव सिरसका के रहने वाले कर्मपाल बोकन, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा, ई-रिक्शा चालक संघ के प्रधान नवीन सैनी हिरमथला आदि जागरूक लोगों का कहना है कि जनहित में स्थानीय नगरपरिषद प्रशासन को स्थानीय पुलिस अधिकारियों से आपस में तालमेल बिठाकर यहां पर बाजार के भीतर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने की पहल करनी चाहिए और दिन के वक्त भीड़भाड़ के चलते बड़े वाहनों की शहर के भीतर आवाजाही व सडक़ किनारे और सडक़ के ऊपर वाहन खड़े करने पर कड़ाईपूर्वक रोक लगानी चाहिए ताकि आम जनता को जाम से राहत मिल सके। ताज्जुब ये है कि लोगों के बार-बार आवाज उठाने और सर्कल एसडीएम व हलका विधायक के निर्देशों के बावजूद नगरपरिषद प्रशासन मेन पावर तथा पुलिस बल साथ लेकर बाजार में अतिक्रमण हटाने की बजाय चुप्पी साधे हुए है। अतिक्रमण का खामियाजा बाजार में सामान खरीदने आए लोगों को भुगतना पड़ रहा है क्योकि बाजार में दिन के वक्त भी चार पहिया वाहनों की आवाजाही से बार-बार जाम लग रहा है। जागरूक लोगों का कहना है कि बाजार को अतिक्रमण मुक्त बना दिया जाए और दिन के वक्त चार पहिया वाहनों की बाजार में आवाजाही पर रोक लगा दी जाए तो जाम से छुटकारा पाया जा सकता है। इस संदर्भ में बातचीत करने पर एसडीएम सोहना अखिलेश कुमार ने बताया कि वह बाजार को जाम मुक्त बनाने के लिए जल्द ही प्रभावी कार्रवाई अमल में ला रहे है। बाजार में जाम ना लगे, इसलिए सडक़ किनारे खड़े वाहनों के चालान भी काटे जाएंगे। साथ ही कोई भी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सरकारी भूमि पर कोई सामान ना रखे, अतिक्रमण ना करे, इसके लिए दुकानों के बाहर सफेद पटटी बनवाई जाएगी। जो भी दुकानदार सामान रखने के लिए सफेद पट्टी को क्रास करेगा, पहले उसका फोटो खीचकर सबूत बनाया जाएगा। फिर यातायात अवरूद्ध करने के आरोप में उसके खिलाफ चालान काटने के साथ-साथ पुलिस में नामजद मामला दर्ज किया जाएगा।

## विभिन्न उद्योगों में विश्वकर्मा-डे पर हुआ कार्यक्रम : डाक्टर रतनपाल खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने बताया कि सोहना के साथ सटे औद्योगिक क्षेत्र रोजकामेव स्थित विभिन्न उद्योग परिसरों में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस पर हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। इस मौके पर तकनीकी औजारों व तकनीकी उपकरणों की पूजा की गई। इस अवसर पर हाईलाइन उद्योग परिसर में विश्वकर्मा दिवस पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने इस दिन की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राचीनकाल में समुंद्र मंथन के बाद भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति एक दैविक शक्ति के रूप में हुई थी। ऐसा भी माना जाता है कि द्वारिका जहां पर भगवान श्री कृष्ण ने राज किया था, उस द्वारिका नगरी का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा जी के हाथों हुआ था। शायद यही कारण है कि ऋग्वेद में इनको दैविक बढ़ई भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दिवस को भारत के कर्नाटक, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उडीसा और त्रिपुरा आदि प्रदेशों में एक त्यौहार के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। आज आधुनिक युग में इस त्यौहार को मशीनों और कारखानों से जोड़ा गया है। आज के दिन सभी मिस्त्री और श्रमिक भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना करते है कि वह उनके औजारों, मशीनों और उन पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे ताकि उनके माध्यम से हम और हमारा परिवार उन्नति कर सके। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने भगवान विश्वकर्मा को मशीनों और औजारों का जनक बताते हुए कहा कि उनकी पूजा प्राचीनकाल से चली आ रही है। आज आधुनिक युग में मशीनों और औजारों का पूजना और ज्यादा अनिवार्य है क्योंकि औजारों के माध्यम से इस दिन के महत्व को भलीभांति समझा जा सकता है। उन्होंने मौजूद लोगों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी और मशीनों, औजारों की पूजा अर्चना के बाद सभी को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई।

## शिवकॉलोनी के प्राचीन शिवमंदिर में गौवर्धन पूजा के बाद हुआ अन्नकूट वितरित

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** यहां पर वार्ड-5 में शिव कॉलोनी के शिवमंदिर में मंगलवार को अन्नकूट के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्री शिवमंदिर सेवा समिति पंजीकृत से जुड़े नंबरदार बहाल खटाना, गौरव चुघ, डाक्टर महेश गोयल, लाला देविन्द्र गर्ग, लाला दिनेश गर्ग अडबरिया, देविन्द्र तायल, हरीश गर्ग अडबरिया, मनीष गर्ग अडबरिया, मास्टर श्यामलाल बघेल, दिनेश गर्ग उदाकिया, सुरेन्द्र गर्ग अड़बरिया, अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष ताराचंद गर्ग आदि कार्यकर्ताओं के सहयोग से दिन भर बाजरा, कढ़ी, सब्जी, चावल का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाईनें देखने को मिली। भंडारे में महिलाओं ने भी खासी तादाद में हिस्सा लिया। भंडारे से पूर्व गौवर्धन महाराज के साथ-साथ श्री शिवमंदिर में हवन-यज्ञ एवं पूजा पाठ भी की गई।

## सोहना में जगह-जगह श्रद्धापूर्वक मनाया गया विश्वकर्मा-डे-रही कार्यक्रमों की धूम

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** शिवनगरी सोहना में मंगलवार को विश्वकर्मा-डे का त्यौहार बहुत ही उमंग और हर्षोल्लास के बीच मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न उद्योगों और दुकानों पर कार्यरत लोहा व राजमिस्त्रियों, श्रमिकों आदि ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धापूर्वक भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। विश्वकर्मा-डे के उपलक्ष्य में अस्पताल रोड स्थित सैनी मार्किट में कृष्ण सैनी के प्रतिष्ठान पर भगवान विश्वकर्मा पूजा के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी ने कहा कि व्यक्ति अपने कर्मों से महान होता है। हमें भगवान विश्वकर्मा का अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए व्यापारमंडल संघ के चीफ एडवाईजर व शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल ने बताया कि विश्वकर्मा दिवस पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है। इस दिन मैकेनिकल, लोहा आदि कार्यों से जुड़े मिस्त्री और श्रमिक भगवान विश्वकर्मा की पूरी श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर करते है। मशीनों-औजारों की भी पूजा की जाती है। भगवान विश्वकर्मा एक शिल्पकार के रूप में परम पूजनीय देवता रहे है। समाज के हर व्यक्ति को उन्ही के पदचिन्हों पर चलते हुए निरंतर अपने कार्य को क्रियान्वित करते रहना चाहिए क्योंकि जब कोई व्यक्ति अपने व्यक्तिगत विकास की तरफ अग्रसर होता है तो निसंदेह इस प्रयास से समाज की भी एक विशिष्ठ पहचान होती है। इस मौके पर कन्हैया सैनी, कृष्ण गुर्जर, चन्दर सैनी, सतबीर दायमा, भगवान सिंह यादव, कर्मपाल बोकन, मोनू सैनी, अमन सैनी, हरिकिशन मिस्त्री, हेतराम सैनी, मनोज सैनी, दीपक सैनी, राजेश यादव, राजेन्द्र शर्मा, गिर्राज सैनी, नवीन सैनी, दीपक यादव आदि प्रमुख लोग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखे : सुखदेव सैनी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

**सोहना।** सोहना शहर में चुंगी एक स्थित लक्ष्मी मोड पर श्री गौवर्धन पूजा उपरांत मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे का उदघाटन जाने-माने बुजुर्ग समाजसेवी सुखदेव सैनी ने किया। इस मौके पर सोहना शहर के साथ-साथ आसपास लगते गांवों से आए आमंत्रितों और छत्तीस बिरादरी के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रमुख लोगों में सब्जी के थोक विक्रेता कैलाश चंद सैनी, निहाल सिंह सैनी, गुरूदेव सिंह सैनी, सैनी सभा के उपाध्यक्ष व पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, दुर्गा सैनी, रमेश चंद सैनी, सोहना अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश गुप्ता, हरविंदर सैनी, सैनी युवा संगठन से कृष्ण सैनी, लक्ष्मी चंद, जोगिंदर सिंह सैनी, धनपत सैनी, दयाराम सैनी, राकेश कुमार बैसिया, डेविड सैनी, देविन्द्र सैनी, शेर सिंह, धर्मबीर सिंह, देशराज, लच्छो सैनी, भक्त टेकचंद, बिल्लू सैनी बादशाह आदि के अलावा आमंत्रित लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए समाजसेवी सुखदेव सैनी ने कहा है कि 84 करोड़ योनि के बाद मनुष्य जीवन मिलता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सदैव सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखनी चाहिये और प्रतिदिन प्रभु का स्मरण करना चाहिये क्योकि प्रभु भक्ति में लीन इंसान का जीवन सफल होता है। उन्होने अहंकार, ईष्र्या, क्रोध, कड़वे बोल, बड़बोलेपन को इंसान का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए कहा कि परोपकार और सेवा भावना से इंसान में इंसानियत आती है। जीवन जीने का अदभुत आनंद आता है। भगवान की शरण में जाने से इंसान का जीवन अपने आप सुधर जाता है। उन्होने कहा कि संत-महात्माओं की संगति इंसान के जीवन को महान बनाती है। सच्चे श्रद्धा व भाव से किया गया दान ही जीवन में काम आता है। धार्मिक आस्था रखते हुए इंसान को आपस में प्रेम-प्यार, भाईचारा, मानवता की सीख देता है।

## गौवर्धन महाराज की महिमा अपरम्पार-गौवर्धन पूजा व अन्नकूट वितरण सौभाग्यशाली : पंडित वेदप्रकाश शास्त्री

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** यहां पर वार्ड-तीन के सुशीलनगर कॉलोनी स्थित श्री शिवमंदिर प्रांगण में मंगलवार को गौवर्धन पूजा उपरांत अन्नकूट प्रसाद वितरण भंडारा चलाया गया। इस मौके पर गौवर्धन पूजा उपरांत मंदिर के महंत पंडित वेदप्रकाश शास्त्री ने अपने हाथों से गौवर्धन महाराज को भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया। इससे पूर्व उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए मंदिर के महंत पंडित वेदप्रकाश शास्त्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्यौहारों का काफी महत्व है। इससे जहां लोगों के जीवन में खुशियों का संचार होता है, वही समाज में आपसी प्रेम व भाईचारे का माहौल उत्पन्न होता है। उन्होने गौवर्धन महाराज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन कहावत के अनुसार द्वापर युग में अन्नकूट द्वारा देवराज इन्द्र के पूजन से इन्द्र में अभिमान आने पर श्रीकृष्ण भगवान ने इन्द्र का अभिमान तोडऩे के लिए इन्द्र की बजाय गौवर्धन पर्वत की पूजा करवाने पर जब क्रोधित इन्द्र ने मेघों से घनघोर वर्षा कर ब्रजभूमि को डुबोने को कहा, तब घबराए ब्रजवासियों द्वारा श्रीकृष्ण से इन्द्र के कोप से बचाने की गुहार लगाने पर श्रीकृष्ण द्वारा संपूर्ण गौवर्धन पर्वत को अपनी तर्जनी उंगली पर उठाने और लगातार सात दिनों तक मूसलाधार वर्षा के बावजूद ब्रजवासियों का बाल बांका ना होने पर पराजित इन्द्र देवता ने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी। तभी से गौवर्धन पर्वत की पूजा चली आ रही है। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह, नफे सिंह, मनोज सैनी, मुकेश नागलिया, सेवानिवृत पुलिस अधिकारी नरेन्द्र यादव, अजीत सिंह, जितेन्द्र सैनी, विक्रम खटाना, सूबे सिंह, कृष्ण सैनी, हरनाम यादव, रामनिवास, धीरज खटाना, हरविंदर यादव, हरबीर यादव, प्रहलाद खटाना, मोहित सैनी, मोहित यादव तथा महिला मंडल से गीता यादव, गुडडी चौहान, ललिता सिंह, रितेश देवी सैनी, शांति देवी, पूजा सैनी, सुधा रानी, सुधा शेखावत, सुनीता रानी, सुकलिया शर्मा, सावित्री पंडिताईन, माया जोगी, मंजू सैनी, अंजू खटाना, लता नागलिया आदि मौजूद रहे।

## ईवीएम के जरिए करे दिमागी नक्सलियों का इलाज : भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



**सोहना।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि आज सामंतशाही नही बल्कि लोकतंत्र का राज है। आज के युग में राजा रानी के पेट से नही बल्कि ईवीएम मशीन से पैदा होता है। अब वह वक्त आ गया है, जब मतदाताओं को राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते हुए ईवीएम के जरिए मतदान की ताकत से दिमागी नक्सलियों का इलाज करना जरूरी हो गया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने देश में सशस्त्र नक्सलियों का जंगलों से सफाया कर दिया है लेकिन अब दिमागी नक्सलियों का सफाया करना बहुत जरूरी है क्योकि इन दिमागी नक्सलियों ने कई संगठनों पर कब्जा कर लिया है और यह दिमागी नक्सली आज भी लोगों को डाक्टर भीमराव अंबेडकर के हाथों बनाए गए भारतीय संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ भडक़ाने का काम कर रहे है। हमें इन दिमागी नक्सलियों की पहचान कर चुनावों में इन्हे हराकर घर बैठाना होगा और देश व संविधान की रक्षा सुनिश्चित करनी होगी। मंगलवार को यहां पर संजीवनी अस्पताल व ट्रामासेंटर में श्री गौवर्धन पूजा के मौके पर मौजूद सर्व समाज के लोगों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने इस मौके पर क्रांतिकारियों, बलिदानियों और देश के लिए शहादत देने वाले वीर शहीदों की शहादत को नमन किया और इस बात पर खुशी जताई कि किसी वक्त में जिस इलाके को कभी नक्सलवाद को सबसे मजबूत किला कहा जाता था, आज नक्सलियों का वह किला ढहने पर उन इलाकों के लोग खुशी में जमकर दीवाली मना रहे है और खुशी इस बात की भी है कि आज देश में कोई भी जिला नक्सलवाद की चपेट में नही है। मोदी सरकार ने जड़मूल से नक्सलवाद के खात्मे का काम किया है। अब मतदाताओं को अपनी वोट की ताकत से दिमागी नक्सलवादियों की पहचान कर उन्हे आईना दिखाने और घर बैठाने का वक्त आ गया है।

## भाजपा सरकार में अग्निवीरों को मिल रहा पूरा सम्मान : भाजपा नेता योगेश तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि भाजपा राज में अग्निवीरों के अच्छे दिन आ गए है। खुशी की बात यह है कि अग्निवीरों को 2 वर्ष का और सेवा विस्तार करने से राज्य में 2 हजार 227 अग्निवीर युवाओं को इसका फायदा मिलेगा। खुशी की बात यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी सभी पूर्व अग्निवीरों को राज्य में आते ही सरकारी नौकरी के लिए ज्वाइनिंग लैटर देने की योजना बनाई है। इसके तहत ग्रुप-बी में एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है और लिखित परीक्षा भी जारी रखी गई है। उन्होने बताया कि हालाकि ग्रुप-सी की नौकरियों में 5 प्रतिशत और इसी श्रेणी की पुलिस कांस्टेबल, वनरक्षक, जेल वार्डन, माइनिंग गार्ड, वाइल्ड लाइफ गार्ड और फायर ऑपरेटर कम सह ड्राईवर जैसे चिन्हित विभागों में रिकार्ड 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। खुशी की बात यह है कि ग्रुप-सी की सीधी भर्ती में लिखित परीक्षा, शारीरिक महापरीक्षण और शारीरिक जांच परीक्षण से भी छूट दी गई है। इतना ही नही सामान्य पात्रता परीक्षा सीईटी में भी छूट का प्रावधान बनाया गया है।

## शिक्षकों के लिए 16 से शुरू होगा योग प्रशिक्षण शिविर : भाजपा नेता धर्मबीर डागर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि शिक्षकों के लिए जिलास्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ 16 नवबर से शुरू होगा और एक पखवाड़े तक चलने वाले इस योग शिविर का समापन 30 नवम्बर को किया जाएगा। उन्होने बताया कि एससीईआरटी ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और डाईट प्राचार्यों को निर्देश जारी किए है कि योग प्रशिक्षण शिविर के पहले चरण में दूसरे समूह के शिक्षकों को भी शामिल किया जाए ताकि शिविर में प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक अपने स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं को योगा सिखा सके।

## दो दिवसीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता 27-28 को होगी : शिक्षाविद मनोज कुमार राघव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव घामडोज स्थित विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने बताया कि 2 दिवसीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 27 व 28 नवम्बर को धर्मनगरी कुरूक्षेत्र में आयोजित होगी। उन्होने बताया कि इस 2 दिवसीय प्रतियोगिता में हर जिले के जूनियर व सीनियर वर्ग के विद्यार्थी अपने बनाए गए विज्ञान प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे और प्रत्येक जिले से अधिकतम 10 प्रोजेक्ट चयनित किए जाएंगे। शिक्षाविद मनोज कुमार राघव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उददेश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना है।

## गीता महोत्सव के तहत स्कूलों में आयोजित कराई जाएगी प्रतियोगिताएं : रविन्द्र गोयल रब्बन



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत स्कूलों में 25 से 27 नवम्बर तक खंडस्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इस दौरान खंड के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के छात्र-छात्राएं निबंध लेखन, श्लोक उच्चारण, भाषण संवाद, प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभाओं को दिखाएंगे। व्यापारी नेता रविन्द्र गोयल रब्बन ने बताया कि कक्षा छठी से आठवी तक और कक्षा 9वीं से 12वीं तक दो वर्गों में यह प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले छात्र-छात्राओं को आगे जिला व राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

## सोहना अरावली में अब आसानी से की जा सकेगी वन्य जीवों की निगरानी : भाजपा नेत्री भारती हरसाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना ने बताया कि वन्य प्राणी जीव विभाग के सोहना स्थित रेस्क्यू सेंटर में वन्य जीवों की सुरक्षा और देखरेख अब पहले से बहुत ही बेहतर तरीके से हो सकेगी। खुशी की बात यह है कि वन्य प्राणी जीव विभाग ने इस केन्द्र में वाइल्ड लाइफ हट गार्ड बनाने की योजना तैयार की है। ऐसा होने पर डयूटी के दौरान मौजूद कर्मचारियों को मौके पर रहने और वन्य जीवों की लगातार निगरानी करने में ज्यादा आसानी रहेगी। उन्होने बताया कि खासकर वन्य जीवों की निगरानी इस केन्द्र की सुरक्षा और किसी भी आपात स्थिति में तुरन्त कार्रवाई करने में यह व्यवस्था बहुत ही मददगार व कारगर साबित होगी क्योकि रेस्क्यू सेंटर में वन्य जीवों की देखभाल बहुत ही जरूरी होती है। भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना ने बताया कि वन्य जीव विभाग ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर के मुताबिक निर्माण सोहना के रेस्क्यू सेंटर में कराया जाएगा।

## सोहना में विश्वकर्मा-डे पर हुआ कार्यक्रम-हवन-यज्ञ के बाद की गई मशीनों और औजारों की पूजा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना शहर के वार्ड-9 के तहत लगने वाले गांव जखोपुर में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस पर हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। इस मौके पर तकनीकी औजारों व तकनीकी उपकरणों की पूजा की गई। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए युवा समाजसेवी मोहित जांगडा ने इस दिन की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राचीनकाल में समुंद्र मंथन के बाद भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति एक दैविक शक्ति के रूप में हुई थी। ऐसा भी माना जाता है कि द्वारिका जहां पर भगवान श्रीकृष्ण ने राज किया था, उस द्वारिका नगरी का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा जी के हाथों हुआ था। शायद यही कारण है कि ऋग्वेद में इनको दैविक बढ़ई भी कहा जाता है। उन्होने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दिवस को भारत के कर्नाटक, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और त्रिपुरा आदि प्रदेशों में एक त्यौहार के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। आज आधुनिक युग में इस त्यौहार को मशीनों और कारखानों से जोड़ा गया है। आज के दिन सभी मिस्त्री और श्रमिक भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना करते है कि वह उनके औजारों, मशीनों और उन पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे ताकि उनके माध्यम से हम और हमारा परिवार उन्नति कर सके। इस मौके पर युवा समाजसेवी मोहित जांगडा ने भगवान विश्वकर्मा को मशीनों और औजारों का जनक बताते हुए कहा कि उनकी पूजा प्राचीनकाल से चली आ रही है। आज आधुनिक युग में मशीनों और औजारों का पूजना और ज्यादा अनिवार्य है क्योंकि औजारों के माध्यम से इस दिन के महत्व को भलीभांति समझा जा सकता है। उन्होने मौजूद लोगों को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी और मशीनों-औजारों की पूजा अर्चना के बाद सभी को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई।

# सोहना में गौवर्धन पूजा पर जगह-जगह विभिन्न मंदिरों में बनाया गया अन्नकूट वितरण हुआ

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**





**सोहना।** सोहना इलाके में मंगलवार को प्रकृति की उपासना का पर्व गौवर्धन का त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास, धूमधाम और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र में गर्मचश्मा श्री शिवकुंड स्थल, प्राचीन हनुमानबगीची, लोहियावाड़ा स्थित श्री दाऊ जी मंदिर, श्री सनातन धर्म श्रीराममंदिर, मृत्युंजय क्षेत्र श्री शनिमंदिर, चुंगी एक स्थित लक्ष्मी मोड पर, भूरपाड़ा स्थित श्री भैरो मंदिर, शीतला माता मंदिर, सुशीलनगर कॉलोनी स्थित श्री शिवमंदिर, देवी मंदिर आदि समेत विभिन्न स्थानों पर श्री गौवर्धन पूजा के बाद अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। इसी उपलक्ष्य में यहां वार्ड-5 में शिव कॉलोनी के शिवमंदिर में श्री शिवमंदिर सेवा समिति से जुड़े नंबरदार बहाल खटाना, गौरव चुघ, हरीश कुमार गर्ग अड़बरिया, मास्टर श्यामलाल बघेल, महेश शर्मा, सोनू गर्ग, अजय बघेल, लाला देविन्द्र अग्रवाल, प्रशांत बच्चस, बाली राघव, जितेन्द्र सोनी, कर्मबीर बूली, पवन मित्तल और मंदिर के पंडित राकेश चंद आदि कार्यकर्ताओं के सहयोग से दिन भर बाजरा, कढ़ी, सब्जी, चावल का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाईनें देखने को मिली। प्राचीन हनुमानबगीची में सुरक्षा समिति कार्यकर्ताओं ने भी हनुमानबगीची में गौवर्धन पूजा कर अन्नकूट प्रसाद वितरित किया। सोहनाढाणी गांव के नंबरदार जितेन्द्र सैनी व नंबरदारनी कविता सैनी और गांव में रहने वाले सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन मुकेश सैनी, पुस्तक विक्रेता संघ से जुड़े कपिल सैनी, सौरभ सैनी, विनोद सैनी आदि ने बताया कि गांव के मंदिर पर गौवर्धन पूजा की गई और तैयार किया गया अन्नकूट का प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। गांव रायसीना में भी मंदिर पर गौवर्धन पूजा और अन्नकूट का प्रसाद वितरित करने की जानकारी मिली है। इसके अलावा यहां पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों तथा गांवों में भी जनसहयोग से अन्नकूट बनाकर कढ़ी, बाजरा, चावल, सब्जी आदि का प्रसाद वितरित कर लंगर चलाए गए। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा गाय का गोबर एकत्रित कर मंगलगीत गाते हुए अपने-अपने घरों में लाए गए गोबर से गौवर्धन महाराज की मानव आकृति और गोवर्धन के चारों तरफ पशुधन के साथ-साथ बीच में श्रीकृष्ण की आकृति बना कांस की सींकों, कपास तथा वृक्ष की पतली टहनियां लगाकर बनाए गए पर्वत पर परिजनों द्वारा सामूहिक रूप से एकत्रित हो गौवर्धन महाराज के पूजन के दौरान परिक्रमा करते वक्त' मानसी गंगा श्री हरि दे-गिरिवर की परिक्रमा दे' का उदघोष करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की। आचार्य लोकेश भारद्वाज और ब्राहमण सभा के पूर्व प्रधान अनिल भारद्वाज कोकी ने बताया कि प्राचीन कहावत के अनुसार द्वापर युग में अन्नकूटद्वारा देवराज इन्द्र के पूजन से इन्द्र में अभिमान आने पर श्री कृष्ण भगवान ने इन्द्र का अभिमान तोडने के लिए इन्द्र की बजाय गौवर्धन पर्वत की पूजा करवाने पर जब क्रोधित इन्द्र ने मेघों से घनघोर वर्षा कर ब्रजभूमि को डुबोने को कहा, तब घबराए ब्रजवासियों द्वारा श्री कृष्ण से इन्द्र के कोप से बचाने की गुहार लगाने पर श्रीकृष्ण द्वारा संपूर्ण गौवर्धन पर्वत को अपनी तर्जनी उंगली पर उठाने और लगातार सात दिनों तक मूसलाधार वर्षा के बावजूद ब्रजवासियों का बाल बांका ना होने पर पराजित इन्द्र देवता ने श्री कृष्ण से क्षमा मांगी। तभी से गोवर्धन पर्वत की पूजा चली आ रही है।

# सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखे

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**



**सोहना।** सोहना शहर में सैनी धर्मशाला प्रांगण में सैनी सभा की तरफ से गौवर्धन के उपलक्ष्य में मंगलवार को विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए सैनी सभा के प्रधान फौजी हुकम सिंह, सभा के उपाध्यक्ष व पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, भक्त टेकचंद आदि समेत विभिन्न वक्ताओं और समाज के प्रमुख लोगों ने कहा है कि 84 करोड़ योनि के बाद मनुष्य जीवन मिलता है। इसलिये प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सदैव सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखनी चाहिये और प्रतिदिन प्रभु का स्मरण करना चाहिये क्योंकि प्रभु भक्ति में लीन इंसान का जीवन सफल होता है। उन्होने अहंकार, ईष्र्या, क्रोध, कड़वे बोल, बड़बोलेपन को इंसान का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए कहा कि परोपकार और सेवा भावना से इंसान में इंसानियत आती है। जीवन जीने का अदभुत आनंद आता है। भगवान की शरण में जाने से इंसान का जीवन अपने आप सुधर जाता है। उन्होने कहा कि संत-महात्माओं की संगति इंसान के जीवन को महान बनाती है। सच्चे श्रद्धा व भाव से किया गया दान ही जीवन में काम आता है। धार्मिक आस्था रखते हुए इंसान को आपस में प्रेम-प्यार, भाईचारा, मानवता की सीख देता है। इसलिए हमें उस प्रभु को कभी नहीं भूलना चाहिए। उसके दिखाये रास्ते पर चलते हुए हमें एक-दूसरे का आदर करना चाहिये। किसी का कोई भी कर्म हो, कोई भी क्षेत्र हो लेकिन उस सबसे पहले इंसान में इंसानियत जरूरी है और वो इंसानियत तभी संभव है, जब हम भगवान की शरण में जाये और अपने अंदर सदगुण बनाये। उन्होंने भंडारे में लोगों को स्वयं प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में सोहना शहर के साथ-साथ आसपास लगते गांवों से आए लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर कुंवर भ्रम चंद, नरेश गहलोत, पूर्व नगरपार्षद व भाजपा नेता मुकेश सैनी, धर्मबीर सिंह, भीमा सैनी आदि समेत सैनी समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# गौसेवा बढ़ाती है मनुष्य की कीर्ति और यश : युवा समाजसेवी अनिल भारद्वाज कोकी

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**



**सोहना।** सोहना ब्राहमण सभा के पूर्व प्रधान अनिल भारद्वाज कोकी मंगलवार को गौवर्धन के त्यौहार पर अपने साथियों के साथ गांव सांपकी नंगली स्थित श्री सत्य सनातन गौशाला में आए और गौशाला में पल रही गायों को गुड़, पालक और हरा चारा खिलाया। इस मौके पर उपस्थित गौभक्तों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए परम गौभक्त तथा सोहना ब्राहमण सभा के पूर्व प्रधान अनिल भारद्वाज कोकी ने कहा कि गौसेवा और गऊओं के लिए किया गया दान मनुष्य को मानसिक शांति प्रदान करता है। दानी की कीर्ति और यश दोनों बढ़ते है। गौसेवा एक सात्विक कर्म है, जो हर कष्ट को हरता है। गौसेवा करने से सुख, समृद्धि, खुशहाली और दीर्घायु बढ़ती है। गौमाता की तृप्ति से समस्त देवी-देवताओं और पितृजनों की तृप्ति होती है।

# सोहना में गौवर्धन पूजा से पहले गाय के गोबर के लिए एडवांस में चली बुकिंग

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**



**सोहना।** क्षेत्र में गाय के गोबर से गौवर्धन महाराज बनाने की परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही है। गांवों के साथ-साथ शहर में रहने वाले लोग भी गौवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से सपरिवार मनाते है। इस बार गौवर्धन मनाने के लिए गाय का गोबर गौपालकों और गौशालाओं से लेने के लिए एडवांस में गोबर बुकिंग जमकर चली। मालूम हो कि दीपावली के अगले दिन घरों में महिलाएं गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाती है। शाम को परिवार समेत पूरे विधि-विधान से गोवर्धन महाराज की पूजा होती है। देहात में ये परम्परा प्राचीनकाल से चली आ रही है। शहरों में भी पहले लोग अपने-अपने घरों में गौवर्धन महाराज की आकृति बनाकर पूजा अर्चना कर लेते थे लेकिन अब घरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर भी सामूहिक रूप से गौवर्धन मनाकर पूजा करने का चलन बढ़ा है। सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, कच्चे बेरका रोड़ पर तुलाराम कॉलोनी में रहने वाले दीवान चंद सैनी, सुशीलनगर कॉलोनी में रहने वाले इंजीनियर कृष्ण सैनी, बड़ोजी गांव से आए गिर्राज सैनी, हिरमथला गांव से आए सोनू सैनी, कैलाश सैनी, नवीन सैनी, बैसी गांव से आए रंजीत सिंह सैनी, मुकेश सैनी, नरेश सैनी आदि लोगों ने बताया कि गांव सांपकीनंगली स्थित गौशाला में बड़े पैमाने पर गौवर्धन पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह एक अच्छी शुरूआत है। इसमें ऐसे लोग भी बड़ी तादाद में सपरिवार शामिल हुए, जो विभिन्न प्रदेशों से सोहना में आकर किराए के मकानों में रह रहे है और घरों में स्थानाभाव के कारण गौवर्धन नही बना पाते है लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर गोवर्धन पूजा आयोजन में सपरिवार आकर ऐसे लोग गौवर्धन महाराज की पूजा कर लेते है। उन्होने कहा कि गौवर्धन पूजा में स्थानीय लोगों और अन्य प्रदेशों के लोगों से शामिल होने से एक-दूसरे को जानने-पहचानने का अवसर मिलता है। गौशाला संचालन से जुड़े गांव सांपकीनंगली में रहने वाले विनोद अधाना, जल सिंह खूटी, बाबा खाटूश्याम के परम भक्त अजय जांगडा, युवा अग्रवाल नेता सैंकी सिंगला, मितरसेन सैनी, सोहनाढाणी गांव में रहने वाले एडवोकेट नितेश सैनी, भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन मुकेश सैनी, नंगली गौशाला के प्रधान भरत सिंह सैनी, मोहम्मदपुर गांव के नंबरदार दलीप कुमार, सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी, गांव जखोपुर के रहने वाले जयपाल सैनी, हुकम सैनी, नरेन्द्र सैनी, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, मुकेश शर्मा एडवोकेट, उमेश गुप्ता, कैलाश चंद्र गर्ग, राकेश जांगडा, मुकेश गर्ग एडवोकेट, कृष्ण सैनी आदि का मानना है कि जिस तरह से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में संख्या अनुपात में इजाफा हुआ है, उसी प्रकार गौवर्धन महाराज के प्रति लोगों की समझ बढ़ी है। अब नए-नए बच्चे भी पूजा-अर्चना में बढ़-चढक़र हिस्सा लेते है।

## श्री विश्वकर्मा दिवस पर हवन-यज्ञ के बाद की गई पूजा : अजय जांगडा

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** यहां पर शीश के दानी बाबा खाटूश्याम के परम भक्त अजय जांगडा ने बताया कि सोहना शहर में बिजलीनिगम पावरहाउस के समीप स्थित जांगडा इलेक्ट्रॉनिक इंटरप्राइजेज कार्यालय प्रांगण में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस पर हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। इस मौके पर तकनीकी औजारों व तकनीकी उपकरणों की पूजा की गई। विश्वकर्मा दिवस पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए शीश के दानी बाबा खाटूश्याम के परम भक्त अजय जांगडा ने इस दिन की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राचीनकाल में समुंद्र मंथन के बाद भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति एक दैविक शक्ति के रूप में हुई थी। ऐसा भी माना जाता है कि द्वारिका जहां पर भगवान श्री कृष्ण ने राज किया था, उस द्वारिका नगरी का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा जी के हाथों हुआ था। शायद यही कारण है कि ऋग्वेद में इनको दैविक बढ़ई भी कहा जाता है। उन्होने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दिवस को भारत के कर्नाटक, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उडीसा और त्रिपुरा आदि प्रदेशों में एक त्यौहार के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। आज आधुनिक युग में इस त्यौहार को मशीनों और कारखानों से जोड़ा गया है। आज के दिन सभी मिस्त्री और श्रमिक भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना करते है कि वह उनके औजारों, मशीनों और उन पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे ताकि उनके माध्यम से हम और हमारा परिवार उन्नति कर सके। शीश के दानी बाबा खाटूश्याम के परम भक्त अजय जांगडा ने भगवान विश्वकर्मा को मशीनों और औजारों का जनक बताते हुए कहा कि उनकी पूजा प्राचीनकाल से चली आ रही है। आज आधुनिक युग में मशीनों और औजारों का पूजना और ज्यादा अनिवार्य है क्योंकि औजारों के माध्यम से इस दिन के महत्व को भलीभांति समझा जा सकता है। उन्होंने मौजूद लोगों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी और मशीनों, औजारों की पूजा अर्चना के बाद सभी को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई।

## सोहना गांव का छोरा हाकी में न्यूजीलैंड में दिखाएगा दमखम : भाजपा नेता योगी राघव

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**



**सोहना।** सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने हाकी खिलाड़ी चिराग धारीवाल का चयन भारतीय सर्विसेज टीम में होने पर अपनी व क्षेत्र के युवाओं की तरफ से बधाई दी है। उन्होने बताया कि मूल रूप से सोहना हलका के गांव जौरासी में रहने वाले हाकी खिलाड़ी चिराग धारीवाल भारतीय सर्विसेज टीम की तरफ से अपना दमखम दिखाने के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर गए है। उन्होने बताया कि न्यूजीलैंड में हाकी की यह टीम 22 नवम्बर तक विभिन्न स्थानों पर हाकी मुकाबले खेलेगी। खुशी की बात यह है कि इससे पहले छत्तीसगढ़ में आयोजित हाकी लीग में भी चिराग धारीवाल ने नाइटस टीम की तरफ से हिस्सा लिया था, जहां उनका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा। भाजपा नेता योगी राघव खेड़ला ने बताया कि इससे पहले हाकी खिलाड़ी चिराग धारीवाल ने अगस्त माह में भारत की तरफ से जूनियर एशिया कप में खेलते हुए गोल्डमेडल जीतकर भारत का नाम दुनिया के मानचित्र पर रोशन किया और इसी वर्ष उनका भारतीय सेवा में चयन हुआ है। उन्होने बताया कि अब भारतीय थलसेना, वायुसेना और जलसेना के खिलाडिय़ों को मिलाकर एक संयुक्त खिलाड़ी टीम बनाई गई है और इसी टीम को भारतीय सर्विसेज टीम कहा जाता है।

# शिवनगरी सोहना में छठ पूजा उत्सव को लेकर चल रही तैयारियों ने जोर पकड़ा

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** यहां शिवनगरी सोहना में छठ पूजा उत्सव को लेकर चल रही तैयारियां तेजी से जोर पकडऩे लगी है और बिहार व उत्तरप्रदेश, पूर्वांचल आदि सूबों से आकर यहां अपने परिवारों का भरण-पोषण करने वाले लोगों व परिवारों के बीच छठ पूजा उत्सव आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन की शुरूआत 13 नवम्बर को नहाय-खाय के साथ होगी और इसका समापन 16 नवम्बर को उगते सूर्य को अघ्र्य देने से होगा। शहर के खेलस्टेडियम में कृत्रिम तालाब बनाकर पूजन की व्यवस्था की जाएगी ताकि साफ व निर्मल जल में व्रती विधि-विधानपूर्वक पूजन कर सके। इसके साथ ही साफ-सफाई और प्रदूषण पर रोक, स्वच्छता को बढ़ावा, पौधारोपण, जल बचत व संरक्षण पर मौजूदों को जागरूक बनाया जाएगा। यहां उत्सव आयोजन से जुड़े ममता सिन्हा, इंद्रा पांडे, रीता देवी, रीतू शुक्ला, सरिता शुक्ला, किरण देवी त्रिपाठी, पूनम देवी, साक्षी सिन्हा, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, विनोद शुक्ला, प्रमोद कुमार पांडे आदि लोगों ने इस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व भगवान सूर्य देव की आराधना और सूर्य देव को अघ्र्य देने का स्वर्णिम अवसर प्रदत करता है। उन्होने बताया कि हिंदू चन्द्र मास में कार्तिक महीने में छठवें दिन छठ का त्यौहार श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होने बताया कि इस बार छठ पूजा उत्सव को लेकर यहां तैयारियां जोर पकड़ गई है। बताते चले कि एक तरफ जहां इस क्षेत्र में बिहार, उत्तरप्रदेश के लोगों द्वारा छठ पूजा को लेकर पूजा-अर्चना उत्सव के लिए तैयारियां चल रही है, वही छठ पूजा को लेकर अपने घर लौटने वाले लोगों की भीड़ रेलवे टिकट रिजर्वेशन के लिए टिकट बुक कराने वालों के पास देखने को मिल रही है। ऐसा भी देखने को मिल रहा है कि जो लोग छठ पूजा के लिए किसी कारणवश अपने पैतृक गांव नहीं जा पा रहे है, ऐसे लोग सोहना में ही किसी स्थान पर सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर छठ पूजा का आयोजन करने की रूपरेखा तैयार करने में लगे है। बताते चले कि सोहना शहर के साथ-साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भी बिहार के रहने वाले लोग खासी तादाद में रहते है। उनका चाहे कोई भी त्यौहार हो, कोशिश यहीं रहती है कि अपने गांव जाकर परिवार के बीच त्यौहार को मनाया जाए लेकिन किसी कारणवश यदि यहां रहने वाले बिहारी अपने गांव नहीं जा पाते तो वह यहीं पर अपने त्यौहार को पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाते है, जिसमें स्थानीय लोगों को भी विशेष रूप से आमंत्रित करते है। आयोजन से जुड़े विनोद शुक्ला, वीरमणि सिंह, प्रमोद कुमार पांडे, मुन्ना सिंह, दीनानाथ दूबे, तारकेश्वर पांडे, टीपी सिन्हा, बीएनके सिन्हा, एके यादव, एके उपाध्याय, एके पांडे, मुन्ना, रमाशंकर उपाध्याय, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, बृजकिशोर सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रामासया वर्मा, संजय मिश्रा, ओमप्रकाश चौरसिया, रिंकू सिन्हा, प्रवीण दूबे, निखिल सिन्हा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, अखिलेश उपाध्याय, सोनू पांडे, बैजनाथ उपाध्याय, राहुल मिश्रा, विजयप्रताप, रवि मिश्रा, सुगंधि देवी, मीना कुमार, इंद्रा देवी, ममता देवी, रीतू शुक्ला, नगरपार्षद वेदकला शर्मा ने बताया कि आयोजन की शुरूआत 13 नवम्बर को होगी जबकि आयोजन का समापन 16 नवम्बर की सुबह होगा। शहर के खेलस्टेडियम में कृत्रिम तालाब बनाकर पूजन की व्यवस्था की जाएगी ताकि साफ व निर्मल जल में व्रती विधि-विधानपूर्वक पूजन कर सके।